हरियाणा सरकार

11 साल घणा कमाल
11 साल, तरक्की बेमिसाल

"हरियाणा के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। इस प्रदेश ने हमेशा ही कृषि और रक्षा जैसे बड़े क्षेत्रों में देश को महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यहां के युवा इनोवेशन की दुनिया में भी अपना परचम लहरा रहे हैं। मेरी कामना है कि विकास के हर मानदंड पर यह राज्य नए-नए कीर्तिमान गढ़ता रहे।"

\- नरेन्द्र मोदी





हरियाणावासियों को

# हरियाणा दिवस

की

## हार्दिक शुभकामनाएं

1 नवम्बर, 2025

इस अवसर पर

## तीन दिवसीय सांस्कृतिक बेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन

दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना
₹ 2100 की पहली किस्त होगी जारी

मुख्य अतिथि

**प्रोफेसर असीम कुमार घोष**
माननीय राज्यपाल, हरियाणा

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री नायब सिंह सैनी**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

1 नवम्बर, 2025 | प्रातः 10:00 बजे | यवनिका गार्डन, सैक्टर-5, पंचकूला



## आप सभी सादर आमंत्रित हैं

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana



राष्ट्रीय संकल्प दिवस के अवसर पर, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक महेश पठानिया ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को देश की एकता, अखंडता और राष्ट्र की सुरक्षा की भावना से शपथ दिलाई।

## राष्ट्रीय एकता का लिया संकल्प, डीसी ने दिलाई शपथ



**धर्मशाला।** राष्ट्रीय एकता दिवस पर धर्मशाला डीसी कार्यालय परिसर में आयोजित समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता-अखंडता की शपथ दिलाई। बता दें, स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर प्रतिवर्ष 31 अक्तूबर को देश में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकता के सूत्र में बांधे रखने के लिए अथक प्रयास किए थे। इस कारण उन्हें लौह पुरुष भी कहा जाता है। डीसी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्य सभी के लिए प्रेरणादायी हैं। इस मौके सभी ने अपने देश की आन्तरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लिया। इस अवसर पर एडीएम शिल्पी बेक्टा सहित विभिन्न अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

# हिमाचल को 'ग्रीन एनर्जी स्टेट' बनाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्धः संजय अवस्थी

**● दी अंबुजा दाड़ला कशलोग मांगू परिवहन सहकारी सभा सीमित के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण**



**सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर परिवहन सुविधाएं प्रदान करने और हिमाचल को 'ग्रीन एनर्जी स्टेट' बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र के दाड़लाघाट में दी अंबुजा दाड़ला कशलोग मांगू परिवहन सहकारी सभा सीमित के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा राज्य को 'ग्रीन एनर्जी स्टेट' के रूप में विकसित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा से परिपूर्ण हिमाचल न केवल देश के लिए आदर्श स्थापित करेगा बल्कि वैकल्पिक आय स्त्रोतों के साथ हिमाचल की आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्राइवेट बस, ट्रक ऑपरेटरों को ई-बस तथा ई-ट्रक क्रय करने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है। इससे जहां युवाओं को रोज़गार व स्वरोज़गार के अवसर प्राप्त होंगे वहीं हिमाचल प्रदेश हरित राज्य के रूप में विकसित होगा। उन्होंने युवाओं से इस योजना का लाभ लेने का आग्रह भी किया। विधायक ने सभा के सुदृढ़ीकरण और इसे अधिक संगठित करने पर बल दिया ताकि ट्रक ऑपरेटरों के हितों को सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने कहा कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा ट्रक ऑपरेटरों की माल-भाड़ा दर में वृद्धि की मांग के बारे में स्वयं मुख्यमंत्री से विस्तृत चर्चा की है। शीघ्र ही इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

संजय अवस्थी ने मुख्यमंत्री के दाड़लाघाट के प्रवास को सफल बनाने के लिए स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया। अम्बुजा दाड़ला कशलोग मांगू परिवहन सहकारी सभा सीमित दाड़लाघाट के अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और सभा की गतिविधियों से अवगत करवाया। विधायक ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनी और इनके समाधान के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुकेश सक्सेना (सी.एम.ओ नॉर्थ अदानी सीमेंट लिमिटेड) ने बतौर विशेष अतिथि शिरकत की। ग्राम पंचायत धुंधन की प्रधान शकुंतला, ग्राम पंचायत रौड़ी की प्रधान रीना शर्मा, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सतीश कश्यप तथा रमेश ठाकुर, दी अम्बुजा दाड़ला कशलोग मांगू परिवहन सहकारी सभा सीमित दाड़लाघाट के उप-प्रधान जय सिंह ठाकुर, बाघल लैंड लूजर ट्रक ऑपरेटर यूनियन के अध्यक्ष जगदीश ठाकुर, पंचायत समिति कुनिहार की अध्यक्ष सीमा कौंडल, जोगिन्द्रा केन्द्रीय सहकारी बैंक के निदेशक रोशन वर्मा, उपमण्डलाधिकारी अर्की निशांत तोमर, पुलिस उपाधीक्षक दाड़लाघाट संदीप शर्मा, प्रदेश विद्युत बोर्ड के अधीशाषी अभियंता संदीप कुमार, वन मण्डलाधिकारी कुनिहार राजकुमार, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय निवासी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री की आधुनिक और दूरदृष्टि सोच के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं में किया जा रहा सुधारः डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल

**● केंद्र की ग्रांट से नहीं, राज्य सरकार ऋण लेकर कर रही जायका परियोजना का सफल कार्यान्वयन ● स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, भाजपा झूठा श्रेय लेने का कर रही प्रयास**

**शिमला।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने भाजपा सांसद हर्ष महाजन के आरोपों का जवाब देते हुए स्पष्ट किया है कि जायका परियोजना का सफल कार्यान्वयन राज्य सरकार ऋण लेकर कर रही है, न कि केंद्र सरकार की ग्रांट से। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज्यसभा सांसद जनता को गुमराह कर झूठा श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं।

डॉ. शांडिल ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए एक व्यापक परियोजना तैयार की है, जिसकी फंडिंग जायका के माध्यम से की जा रही है। यह पूरी तरह प्रदेश सरकार के अथक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से इस परियोजना को धरातल पर उतारा गया है। उन्होंने कहा कि चमियाणा अस्पताल और टांडा मेडिकल कॉलेज में अब रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध हो चुकी है, जिससे आम लोगों को अत्याधुनिक उपचार सुविधा मिल रही है। ऐसे में हर्ष महाजन को अब श्रेय लेने की याद आई है, जबकि वे राज्यसभा सांसद होने के बावजूद तथ्यों की जानकारी से अनभिज्ञ हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने इस परियोजना की रूपरेखा लगभग दो वर्ष पहले तैयार की थी और इसके लिए फंडिंग का प्रावधान जायका से किया गया था। आने वाले समय में सरकार 3,000 करोड़ रुपये से प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों, क्षेत्रीय अस्पतालों और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों को सुदृढ़ करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग भलीभांति जानते हैं कि जब राज्य में पांच वर्ष तक भाजपा की डबल इंजन की सरकार रही, तब स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बेहद खराब थी। प्रदेश के बड़े-बड़े अस्पतालों में भी 20द्20 साल पुरानी मशीनें लगी थीं और मरीजों को इलाज करवाने के लिए प्रदेश से बाहर भटकना पड़ता था। तत्कालीन भाजपा सरकार ने इसकी सुध नहीं ली। आज मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में सस्ता, सुलभ और बेहतर इलाज उपलब्ध हो रहा है।

## मुख्यमंत्री ने श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के लिए 29.50 करोड़ रुपये की विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम द्वारा सिरमौर जिले के श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के लिए 29.50 क3 रोड़ रुपये लागत की पांच विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए।

मुख्यमंत्री ने संगड़ाह तहसील के माइना बाग में 6.47 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन और नोहराधार में 2.20 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सब मार्किट यार्ड चरण-1 का उद्घाटन किया।

उन्होंने दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली रेणुका जी-ददाहू बिरला सड़क, जल शक्ति विभाग उप-मंडल नोहराधार के अंतर्गत रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लिए 17.89 करोड़ रुपये की लागत से सिंचाई सुविधा और ग्राम पंचायत भराड़ी, नोहराधार के गांव चोकन, ठांडी, हरिजन बस्ती चुमानु और कुदाग के लिए 94 लाख की ग्रेविटी जलापूर्ति योजना रोंडी पुल का शिलान्यास किया।

उद्योग मंत्री हर्षवर्द्धन चौहान, हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार, विधायक अजय सोलंकी, उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा, पुलिस अधीक्षक निश्चिंत नेगी और अन्य गणमान्य माइना बाग में मौजूद थे।

# नशा निवारण जागरूकताः शैक्षणिक संस्थानों पर रहेगा विशेष फोक्सः एडीसी

**● प्रहरी क्लबों के माध्यम से युवाओं को किया जाएगा जागरूक**

**● प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों स्तर तक के चिकित्सकों को भी किया जाएगा प्रशिक्षित**



**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला में सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में नशे के दुष्प्रभावों से युवाओं को जागरूक करने पर विशेष फोक्स किया जाएगा। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त ने शुक्रवार को राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल (एनकॉर्ड) के जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में नशा निवरण के लिए गठित प्रहरी क्लबों के माध्यम से नशा निवारण को लेकर विभिन्न स्तरों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इसके साथ ही महाविद्यालयों में रेड रिबन क्लबों को नशा निवारण अभियान का हिस्सा बनाया जाएगा, तकनीकी संस्थानों में भी युवाओं को जागरूक करने के लिए विशेष प्लान तैयार किया जाएगा ताकि कांगड़ा जिला को नशा मुक्त बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया जा सके।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि कांगड़ा जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों नुरपुर इत्यादि में नशा निवारण के लिए पुलिस तथा अन्य विभागों के सहयोग से विशेष अभियान आरंभ किया जाएगा ताकि इन क्षेत्रों के युवाओं को नशे से दूर रखा जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सकों को विशेष तौर पर प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि नशे की चपेट में आए लोगों का सही तरीके से उपचार तथा मागदर्शन सुनिश्चित किया जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि कांगड़ा जिला के स्वास्थ्य संस्थानों में नशा मुक्ति क्लीनिक सेवाएं शुरू की गई हैं। इन संस्थानों में नशा मुक्ति के मामलों को डील करने के लिए प्रशिक्षित चिकित्सक और स्टाफ मौजूद है। साथ ही वहां नशा मुक्ति से जुड़ी सभी दवाइयां भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि इस सेवा को आगे जिले के अन्य अस्पतालों में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में नशा मुक्ति को लेकर कार्य कर रहे प्रमुख संस्थानों और विशेषज्ञों की सेवाएं इसके लिए ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि जिला में चल रहे सभी नशा मुक्ति तथा पुनर्वास केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा इसकी रिपोर्ट भी प्रेषित की जाए ताकि मापदंडों की अनुपालना नहीं करने वाले नशा मुक्ति तथा पुनर्वास केंद्रों पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर सीएमओ डा विवेक करोल, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, जेल विभाग के अधिकारियों सहित अन्य गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा हितधारक उपस्थित रहे।

# स्वच्छ हिमाचल की ओर प्रदेश सरकार का बड़ा कदम

**जल शक्ति विभाग और ग्रामीण विकास विभाग के मध्य समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत आज जल शक्ति विभाग और ग्रामीण विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश के बीच फीकल स्लज के उपचार के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता राज्य में अपशिष्ट जल प्रबंधन को सुदृढ़ करने तथा जल स्त्रोतों के प्रदूषण को रोकने की दिशा में एक अहम कदम है।



स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में फीकल स्लज प्रबंधन की चुनौतियों से निपटने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश के अधिकांश ग्रामीण घरों में सिंगल पिट शौचालय बनाए गए हैं, जिनके भर जाने से पर्यावरण के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है। इसके अतिरिक्त, हिमाचल प्रदेश एक प्रमुख पर्यटन राज्य होने के कारण यहां पर्यटकों, श्रमिकों तथा अन्य अस्थायी जनसंख्या के कारण शौचालय पिट में ओवर फ्लो हो जाता है और इन्हें खुले क्षेत्र में खाली किया जाता है। इससे नदियों, नालों और तालाबों का जल प्रदूषित होता है जिससे पर्यावरण और स्वास्थ्य संबंधी खतरे उत्पन्न होते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीण विकास विभाग ने वॉश इंस्टीट्यूट के सहयोग से राज्य भर में सर्वेक्षण, अभियंताओं का प्रशिक्षण तथा फीकल स्लज के सुरक्षित निपटान के लिए योजनाएं तैयार की हैं। इस प्रक्रिया में जल शक्ति विभाग की सक्रिय भागीदारी रही है। विभाग द्वारा राज्य के 22 मौजूदा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की पहचान की गई है, जहां फीकल स्लज के उपचार के लिए आवश्यक संरचना विकसित की जा रही है।

पायलट परियोजना के अंतर्गत कांगड़ा जिले के पालमपुर और मंडी जिले के सुंदरनगर स्थित दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स को क्रियाशील किया गया है। इन संयंत्रों के माध्यम से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से प्राप्त फीकल स्लज का वैज्ञानिक एवं सुरक्षित निपटान किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में जल शक्ति विभाग के सभी उपयुक्त सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स को क्रियाशील करने की योजना है, जिससे अधिकांश ग्रामीण हिमाचल में फीकल स्लज का सुरक्षित निपटान सुनिश्चित किया जा सकेगा। यह पहल पर्यावरण संरक्षण तथा जनस्वास्थ्य की दृष्टि से एक मील का पत्थर साबित होगी। यह साझेदारी स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वच्छ, हरित और स्वस्थ हिमाचल की दिशा में एक और ठोस कदम है। यह समझौता ज्ञापन सचिव ग्रामीण विकास की उपस्थिति में निदेशक ग्रामीण विकास तथा मुख्य अभियंता जल शक्ति विभाग द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। इस अवसर पर वॉश इंस्टीट्यूट एवं शिमला जल प्रबन्धन निगम लिमिटेड के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# स्किल ट्रेनर नवीनीकरण प्रमाणन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**सोलन।** यूको आरसेटी सोलन द्वारा गत दिवस डोमेन स्किल ट्रेनर नवीनीकरण प्रमाणन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य नियंत्रक, आरसेटी (मूल्यांकन एवं गुणवत्ता आश्वासन) डॉ. अंबिका साहू ने की।

डॉ. अंबिका साहू ने कहा कि कार्यक्रम में औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती, कृषि उद्यमी तथा रेशम पालन (सेरीकल्चर) का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से कृषकों को कृषि क्षेत्र में नवाचारी विचारों एवं व्यावहारिक ज्ञान के बारे में भी जागरूक किया गया। उन्होंने प्रशिक्षकों को उनके संबंधित क्षेत्रों में नवीनतम अद्यतन के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में 31 प्रशिक्षकों ने भाग लिया जो कृषि, हथकरघा एवं हस्तशिल्प, परिधान निर्माण तथा ब्यूटी पार्लर जैसे विभिन्न क्षेत्रों से थे। एच.पी.एस.आर.एल.एम. शिमला के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओम प्रकाश, नाबार्ड सोलन के ज़िला विकास प्रबंधक अशोक चौहान, यूको आरसेटी सोलन की निदेशक मीनू बारिया इस अवसर पर उपस्थित थे।

# मुख्य सचिव ने नीति-निर्धारण में डेटा के उपयोग पर बल दिया

**शिमला।** मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने आज यहां 'हिमाचल प्रदेश के शासन में डेटा के उपयोग को सुदृढ़ बनाने' विषय पर आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एआई और सूचना प्रोद्योगिकी के दौर में डेटा की भूमिका में निरंतर वृद्धि हो रही है। वर्तमान समय में डेटा 'शासन की नई मिट्टी' के समान है जिसका हम जितना बेहतर उपयोग करेंगे हमें बेहतर परिणाम मिलेंगे। डेटा के बेहतर उपयोग से नीतियों के निर्माण में मदद के साथ-साथ प्रदेश की प्रगति को गति प्रदान करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि डेटा की वास्तविक शक्ति तब सामने आती है जब विभिन्न तथ्यों को आपस में सही से जोड़ा जाता है।



मुख्य सचिव ने कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग प्रकार के डेटा इकटठे किए जाते हैं और योजनाओं के निर्माण के लिए इन डेटा का बेहतर तरीके से एकत्रीकरण और एकीकरण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डेटा के एकत्रीकरण के दृष्टिगत डेटा लिटरेसी की भी अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि फील्ड से एकत्रित डेटा में सटीकता का होना अत्यंत आवश्यक है और अधिकारियों को फील्ड से आने वाले डेटा की निगरानी करनी चाहिए। अधिकारियों द्वारा इसका सही विशलेषण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभागों से संबंधित डेटा की गोपनीयता भी सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि डेटा से छेड़छाड़ न की जा सके।

उन्होंने कहा कि सुरक्षित और अंतर-संचालित राज्य डेटा एकीकरण प्लेटफॉर्म का विकास, मजबूत डेटा गवर्नेंस अधोसंरचना का निर्माण, संस्थानों के सहयोग से डेटा लैब्स अथवा पॉलिसी लैब की स्थापना, अंतरविभागीय डेटा उपयोग को प्रोत्साहन और डेटा को प्रशासनिक कार्य प्रणाली का आवश्यक हिस्सा बनाना आवश्यक है। मुख्य सचिव ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे विभिन्न क्षेत्रों में हिमाचल बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हो रही प्रगति आंकड़ों में भी दिखाई देनी चाहिए। लोगों के लिए आंकड़ों को यूजर्स फ्रेंडली बनाया जाना चाहिए।

सचिव वित्त डॉ. अभिषेक जैन ने कार्यशाला में मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सबसे महत्त्वपूर्ण संपत्ति डेटा और सही सूचनाओं का संकलन है। उन्होंने कहा कि डेटा से विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हुए कई महत्त्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी मिलती है। राज्य डेटा संग्रहण से आगे बढ़कर डेटा उपयोग की दिशा में आगे बढ़ रहा है और डेटा को शासन की एक प्रमुख परिसंपत्ति के रूप में स्थापित करने के लिए उन्होंने कहा कि डेटा के बेहतर संकलन के लिए आइएसबी के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर भी क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाता है।

कार्यशाला में डेटा के महत्व को इंगित कर रही प्रस्तुतियां भी दी गई।

इस कार्यशाला में अतिरिक्त मुख्य सचिव के.के. पंत, आरडी नज़ीम, विभिन्न विभागों के सचिव, विभिन्न विभागाध्यक्ष, विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित थे, विभिन्न ज़िलों के उपायुक्तों ने वर्चुअल माध्यम से इस कार्यशाला में भाग लिया।

## हिमकृषि योजना में जिला काँगड़ा के 42 किसानों ने खुम्ब उत्पादन प्रशिक्षण प्राप्त किया : अतिरिक्त कृषि निदेशक



**शिमला।** कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा चलाई जा रही हिमकृषि योजना के अंतर्गत पालमपुर के होल्टा में कृषकों को खुम्ब उत्पादन पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्यातिथि अतिरिक्त कृषि निदेशक उत्तरी क्षेत्र डॉ राहुल कटोच ने किसानो को सम्बोधित करते हुए कहा कि मशरूम उत्पादन आय का स्रोत हो सकता है. उन्होंने किसानों को शिटाके, बटन मशरूम और ढींगरी मशरूम जैसे मशरूम उगाने का भी सुझाव दिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्यान विभाग के खुम्ब प्रशिक्षण संस्थान होल्टा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ कुलदीप धीमान ने बताया कि हिमकृषि योजना के अंतर्गत ज़िले मे 37 कलस्टर बनाये गए हैं जिसके अंतर्गत 1770 बीघा क्षेत्र मे फसल विविधीकरण एवं उन्नत कृषि उत्पादन पर बढ़ावा दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम मे कृषकों को खुम्ब उत्पादन, खुम्ब हार्वेस्टिंग, ग्रेडिंग, पैकेजिंग, प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग, पैकेजिंग, ब्रांडिंग तथा प्रोसेसिंग की ट्रेनिंग दी गई। किसानो को एक दिवसीय भ्रमण पर गांब माझेरना में श्री अनिल धीमान के मशरूम उत्पादन इकाई में भ्रमण पर भी ले जाया गया। इस अवसर पर खुम्ब प्रशिक्षण संसथान पालमपुर के विषय वाद विशेषज्ञ डॉ. हितेन्दर पटियाल सहित भवारना, सुलह और बैजनाथ विकास खंड के 42 किसान उपस्थित थे।

**आवश्यक सूचना**

ब्पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह जांच पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

**RNI NO: HARHIN/2002/08034, Postal Regd No. HR/AB/54/23-25**, स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक एकान्ति राय गर्ग द्वारा जनपथ पब्लिशर्स, बूथ नं.: 437-पी (बी.पी.पेट्रोल पंप के पीछे) सेक्टर-8, पंचकूला से प्रकाशित। **सम्पादकः- एकान्ति रॉय गर्ग,** मुख्य कार्यालयः बूथ नंः 437-पी (बी.पी.पेट्रोल पंप के पीछे) सेक्टर-8 पंचकूला-134109(हरियाणा)। मो.: 9915606900, email : hindjanpath@gmail.com, argarg1610@gmail.com ।

एनसीसी डायरेक्टरेट की कमांड में बदलाव: मेजर जनरल जगदीप सिंह चीमा ने मेजर जनरल भारत मेहतानी को चार्ज सौंपा



पेज-4

संस्थापक : स्व. श्री वीर विक्रम आदित्य


स्थापना वर्ष : 2002

# हिन्द जनपथ

पंचकूला
शनिवार
1 नवंबर, 2025
वर्ष:24 अंक: 128
कुल पृष्ठ:08
मूल्य : 1 रुपया

खबरें छापते हैं छुपाते नहीं | दैनिक प्रभात संस्करण हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश से एक साथ प्रकाशित। | www.hindjanpath.com

## हम ऐसे कार्यों को बढ़ावा देंगे जो देश की एकता को मजबूती दें: मोदी



**एकता नगर**- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के एकता नगर में कहा कि हमने संकल्प लिया है कि हम ऐसे कार्यों को बढ़ावा देंगे जो देश की एकता को मजबूती दें।

श्री मोदी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में यहां आयोजित भव्य समारोह में कहा, 'सरदार पटेल मानते थे कि इतिहास लिखने में समय नहीं गंवाना चाहिए हमें तो इतिहास बनाने के लिए मेहनत करनी चाहिए उनकी यह भावना उनकी जीवन गाथा में दिखाई देती है।' सरदार साहब ने जो नीतियां बनायीं जों निर्णय लिए उन्होंने नया इतिहास रचा, नया इतिहास बनाया। आजादी के बाद साढ़े पांच सौ से ज्यादा रियासतों को एकता में जोड़ने के असंभव कार्य को उन्होंने संभव करके दिखा दिया। एक भारत श्रेष्ठ भारत का विचार उनके लिए सर्वोपरी था। इसलिए आज सरदार पटेल की जयंति का दिन स्वभाविक रूप से राष्ट्रीय एकता का महापर्व बन गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'जिस तरह हम 140 करोड़ देशवासी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाते हैं। वैसे ही एकता दिवस का महत्व हमारे लिए प्रेरणा की पल है। गर्व की पल है। आज करोड़ो लोगों ने एकता की शपथ ली है। हमने संकल्प लिया है कि हम एसे कार्यों को बढ़ावा देंगे जो देश की एकता को मजबूती दें। यहां एकता नगर में भी एकता मॉल एकता गार्डन, एकता के सूत्र को सशक्त करते हुए दिखते हैं।'

उन्होंने कहा कि हर ऐसी बात जो देश की एकता को कमजोर करती है हर देशवासी को उससे दूर रहना है। यह राष्ट्रीय कर्तव्य है। यह सरदार साहब को सच्ची श्रद्धांजली है। यही आज देश की जरूरत है। यही आज एकता दिवस का हर भारतीय के लिए संदेश भी है। संकल्प भी है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा, 'सरदार साहब ने देश की संप्रभुता को सबसे उपर रखा। लेकिन दुर्भाग्य से सरदार साहब के निधन के बाद के वर्षों में देश की संप्रभुता को लेकर तबकी सरकारों ने उतनी गंभीरता नहीं रही।'

श्री मोदी ने कहा कि एक ओर कश्मीर में हुयी गलतियां दूसरी ओर पूर्वोत्तर में पैदा हुई समस्याएं और देशभर में जगह-जगह पनपा नक्सलवाद, माओवादी आतंक, ये देश की संप्रभुता को सीधी चुनौतियां थीं। लेकिन उस दौर की सरकारों ने सरदार साहब की नितियों पर चलने की जगह रीढ़ विहीन रवैये को चुना। इसका परिणाम देश ने हिंसा और रक्तपात के रूप में झेला।


### मुर्मु और शाह ने सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की, शाह ने एकता दौड़ को झंडी दिखाई

**नयी दिल्ली** – राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर शुक्रवार को यहां पटेल चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

बाद में श्री शाह ने सरदार पटेल की जयंती 'एकता दिवस' के अवसर पर लोगों को देश की एकता और अखंडता के संकल्प की शपथ दिलाई और 'एकता दिवस दौड़' को झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रीमती मुर्मु और श्री शाह ने सुबह साढे छह बजे यहां पटेल चौक स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

राष्ट्रपति ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद अपने संदेश में कहा ,' लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं।

## किसानों पर अत्याचार भाजपा के ताबूत में आख़िरी कील साबित होंगे: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान



हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा किसानों पर किए जा रहे अत्याचार, देश के राजनीतिक परिदृश्य में भगवा पार्टी के अंत की शुरुआत साबित होंगे और यह अत्याचार उनके राजनीतिक ताबूत की आख़िरी कील बनेंगे।

राजकोट में आयोजित किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मान के साथ 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के मेहनतकश और बहादुर किसान भाजपा की तानाशाही प्रवृत्ति को अब बर्दाश्त नहीं करेंगे और उसे करारा जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि सत्ता के नशे में चूर भाजपा नेताओं ने किसान-विरोधी रवैया अपना लिया है, जो देश के हित में नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के अथक परिश्रम ने देश को अन्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया है। उन्होंने उन दिनों को याद किया जब भारत को अन्न संकट का सामना करना पड़ा था और उसे दूसरे देशों से मदद मांगनी पड़ती थी।

अपने संबोधन में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कन्वीनर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म भूमि पर भाजपा द्वारा किए गए अत्याचारों ने पूरे देश को शर्मसार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा गिरफ्तार किया 85 किसानों के परिवारों को सम्मानित करना चाहती थी, परंतु राज्य सरकार ने इस से इनकार कर दिया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी इस संकट की घड़ी में देश के किसानों के साथ खड़ी है और उनको रिहा करवाने के लिए कोई कसर शेष नहीं छोड़गी।

भगवंत सिंह मान ने बताया कि आज केवल पंजाब ही ऐसा राज्य है जो राष्ट्रीय खाद्य पूल में 180 लाख मीट्रिक टन धान और 150 लाख मीट्रिक टन गेहूँ का योगदान करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की किसान-विरोधी नीतियाँ साफ़ तौर पर सामने हैं — उदाहरण के तौर पर, गुजरात सरकार ने असमय वर्षा से तबाह हुई फसलों के लिए किसानों को एक पैसे का मुआवज़ा तक नहीं दिया। इसके विपरीत, पंजाब सरकार ने बाढ़ से नष्ट हुई फसलों के लिए मात्र एक महीने के भीतर किसानों को मुआवज़े के चेक वितरित कर दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में किसानों को प्रति एकड़ 20,000 रुपये मुआवज़े के रूप में दिए जा रहे हैं, जो देश में अब तक की सबसे बड़ी राशि है। उन्होंने कहा कि इस महापंचायत में किसानों की भारी भागीदारी इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भाजपा का पतन आरंभ हो चुका है।

## मोटी-मोटी बातें

### जगराओं में दिनदहाड़े कबड्डी खिलाड़ी की हत्या, SSP ऑफिस के पास मारी गोली



**लुधियाना**- पंजाब के लुधियाना में जगराओं शहर में शुक्रवार को दिनदहाड़े 25 वर्षीय एक कबड्डी खिलाड़ी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान तेजपाल सिंह के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह घटना जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर दूर लुधियाना (ग्रामीण) के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के कार्यालय के पास हुई। पुलिस ने बताया कि सिंह निजी कारणों से शहर आया था। पांच-छह हमलावरों ने उसे बेरहमी से पीटा और फिर सरेआम गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। एसएसपी अंकुर गुप्ता ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है। उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस टीमें भेज दी गई हैं। यह व्यक्तिगत दुश्मनी का मामला हो सकता है। सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया जा रहा है और आगे की जांच जारी है।

### पूर्व CM भजनलाल की बेटी व दामाद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी, मृत व्यक्ति का प्लॉट बेचने का आरोप

**गुरुग्राम**- प्रॉपर्टी धोखाधड़ी मामले में यहां की एक अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल की बेटी व दामाद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। बताया जा रहा है कि यह मामला 8 साल पहले का है। उन्होंने दो मृत व्यक्तियों के दो प्लॉट फर्जीवाड़े से बेच दिए थे।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2016-17 में दो प्लॉट पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल की बेटी व दामाद ने फर्जीवाड़े से बेच दिए थे। एक प्लॉट की कीमत 2 करोड़ 42 लाख व दूसरे की कीमत एक करोड़ 59 लाख रुपये थी। इस प्रॉपर्टी में विकास नामक व्यक्ति ने सौदेबाजी कराई थी। जब यह प्लॉट फर्जीवाड़े से बेचा व खरीदा गया, उस समय सौदेबाजी कराने वाले विकास के पिता गुरुग्राम में जिला रेवेन्यू अधिकारी के पद पर तैनात थे। मामला जब उजागर हुआ तो इसकी जांच शुरू की गई। जांच में तथ्य मिलने पर पुलिस ने विकास को गिरफ्तार कर लिया था।

मामले में पीड़ित पक्ष के एडवोकेट प्रवीण दहिया के मुताबिक फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दोनों प्लॉट की खरीद-फरोख्त की गई। सौदेबाजी करने के बाद गरीब लोगों के नाम इसमें इस्तेमाल करके उन्हें गिरफ्तार तक करवा दिया गया। असली आरोपी मौज से घूमते रहे। ऐसा इसलिए मामला हरियाणा के एक बड़े राजनीतिक प्रभावशाली घराने का है। उन्होंने बताया कि आरोपी रोशनी व अनूप पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल की बेटी व दामाद हैं। अदालत ने शुक्रवार को उनकी गिरफ्तारी के वारंट जारी किए हैं।

मामले में एक प्लॉट के मालिक के बेटे धर्मवीर ने पहले थाने में शिकायत की थी। वहां पर कोई सुनवाई नहीं हुई। फिर उसने अदालत में शिकायत देकर गुहार लगाई। अदालत के आदेश पर ही पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। एक प्लॉट की धोखाधड़ी में रोशनी और उसकी बेटी सुरभि बिश्नोई भी आरोपी है। अदालत ने पुलिस आयुक्त को सख्त आदेश दिए हैं कि दोनों को पेश किया जाए।

### भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कैप्टन मोहम्मद अजहरुद्दीन तेलंगाना में बने मंत्री

**हैदराबाद**ः कांग्रेस नेता एवं पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन ने शुक्रवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ ली। राजभवन में आयोजित एक सादे समारोह में राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने मुख्यमंत्री सहित कई महत्वपूर्ण नेताओं की उपस्थिति में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान को शपथ दिलाई। अजहरुद्दीन के शामिल होने से मंत्रिमंडल में कुल सदस्यों की संख्या 16 हो गई है, जबकि दो और जगह खाली हैं। विधानसभा सदस्यों की संख्या के अनुसार, तेलंगाना में अधिकतम 18 मंत्री हो सकते हैं।

## भारत दुनिया भर में वायु प्रदूषण से होने वाली 70% मौतों के लिए ज़िम्मेदार: रिपोर्ट

**नई दिल्ली**ः हेल्थ और क्लाइमेट चेंज पर लैंसेट काउंटडाउन की 2025 की ग्लोबल रिपोर्ट के अनुसार, भारत दुनिया भर में वायु प्रदूषण से होने वाली कुल मौतों में से लगभग 70 प्रतिशत के लिए ज़िम्मेदार है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (WHO) के साथ मिलकर यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन द्वारा तैयार की गई इस स्टडी में अनुमान लगाया गया है कि भारत में हर साल इंसानों द्वारा किए गए PM2.5 प्रदूषण के संपर्क में आने से लगभग 1.72 मिलियन लोगों की मौत हो जाती है, जो 2010 के बाद से 38 प्रतिशत की वृद्धि है। दुनिया भर में, हर साल लगभग 2.5 मिलियन मौतों के लिए वायु प्रदूषण को ज़िम्मेदार ठहराया जाता है।

जीवाश्म ईंधन अभी भी सबसे बड़ा योगदानकर्ता बना हुआ है, जो दुनिया भर में 752,000 मौतों के लिए ज़िम्मेदार है, जिसमें अकेले कोयले से 394,000 मौतें हुई हैं, जिनमें से 298,000 मौतें कोयले से चलने वाले पावर प्लांट से जुड़ी हैं। सड़क परिवहन में इस्तेमाल होने वाले पेट्रोल से अतिरिक्त 269,000 मौतें होती हैं। जंगल की आग से होने वाले PM2.5 प्रदूषण के कारण 2020 और 2024 के बीच सालाना औसतन 10,200 मौतें हुईं, जो 2003-2012 की तुलना में 28% की वृद्धि है।

रिपोर्ट में भारत में घरेलू वायु प्रदूषण के बोझ पर प्रकाश डाला गया है, जिससे 2022 में प्रति 100,000 लोगों पर औसतन 113 मौतें हुईं। ग्रामीण इलाकों में शहरी केंद्रों (99) की तुलना में मृत्यु दर (125) अधिक थी। भारत में बाहरी वायु प्रदूषण से होने वाली समय से पहले मौतों की आर्थिक लागत 2022 में $339.4 बिलियन आंकी गई थी, जो देश की GDP का 9.5% है। हीटवेव का असर भी बढ़ा है, 2024 में भारतीयों को 50% ज़्यादा हीटवेव वाले दिनों का सामना करना पड़ा, जिससे औसतन 366 अतिरिक्त घंटे हीट स्ट्रेस हुआ।

## चुनाव में राहुल गांधी की एंट्री, भाजपा-एनडीए की जीत की गारंटी: सीएम योगी

**वैशाली**। बिहार के वैशाली में भारी बारिश के बावजूद ब्रह्मानंद पंजियार कॉमर्स कॉलेज मैदान में जनसैलाब उमड़ पड़ा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभा में 'जय श्री राम' और 'हर हर महादेव' के नारों से वातावरण गूंजायमान हो उठा। लालगंज विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी संजय कुमार सिंह के समर्थन में बोलते हुए सीएम योगी ने विपक्ष पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी प्रचार में आ गए, तो एनडीए की विजय सुनिश्चित है। बारिश में भीड़ का उत्साह देख सीएम योगी ने कहा कि यह कीचड़ में कमल खिलाने का संकेत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वैशाली की यह भूमि लोकतंत्र की जननी है, जिसने नालंदा विश्वविद्यालय और भगवान महावीर जैसी विरासत दी। आज यह धरती एक बार फिर नए भारत के संकल्प की गवाह बन रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का नया भारत रुकता नहीं, झुकता नहीं और आतंकवाद-नक्सलवाद को उसकी मांद में घुसकर मारना जानता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास और सुरक्षा दोनों के नए मानक स्थापित किए हैं। यह नया भारत सबका साथ, सबका विकास करता है, लेकिन तुष्टिकरण किसी का नहीं करता। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया का एकमात्र देश है जो 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन, 50 करोड़ को मुफ्त इलाज और हर गरीब को आवास, शौचालय और बिजली की सुविधा दे रहा है।



मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि राहुल गांधी जब भी प्रचार करने आते हैं, एनडीए की जीत तय हो जाती है। वे भाजपा और एनडीए की जीत की सबसे बड़ी गारंटी हैं।

सीएम योगी ने कांग्रेस-आरजेडी गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग सत्ता में आएंगे तो फिर माफिया राज, लूट, अपहरण और बेटियों की असुरक्षा का दौर लौट आएगा। गरीबों का राशन लूटेंगे, व्यापारियों को डराएंगे। लेकिन एनडीए यह नहीं होने देगा। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और राजद ने 15 साल लगातार राज किया, लेकिन गरीब को छत तक नहीं दे पाए। मोदी जी ने 10 साल में वो कर दिखाया जो इनसे नहीं हुआ।

उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था के उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि हमारे यहां माफिया के लिए कोई जगह नहीं है। यूपी में जो माफिया पहले सत्ता का हिस्सा बनते थे, आज जेल में हैं या प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं। हमारे बुलडोजर जब चलते हैं, तो माफिया की अवैध संपत्तियां ढहती हैं और उन्हीं जमीनों पर गरीबों के लिए मकान बनते हैं।

## राजस्थान : सीजीएसटी अधिकारी पर सीबीआई का शिकंजा, 2.54 करोड़ डीए केस, पोर्श-जीप जब्त

**जयपुर**। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। जांच एजेंसी ने जयपुर के सीजीएसटी (केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर) के सहायक आयुक्त पर आय से अधिक संपत्ति (डीए) का मामला दर्ज किया है। मंगलवार को दर्ज एफआईआर में आरोपी पर अगस्त 2018 से अगस्त 2025 तक जयपुर और अहमदाबाद में पोस्टिंग के दौरान करीब 2.54 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। यह राशि उनके ज्ञात आय स्रोतों से लगभग 100 प्रतिशत अधिक है, जिसका कोई संतोषजनक हिसाब नहीं दिया जा सका। सीबीआई का दावा है कि आरोपी ने खुद और परिवार के नाम पर फर्मों, एलएलपी व कंपनियों का इस्तेमाल कर काला धन सफेद किया। तलाशी अभियान में जयपुर, अंकलेश्वर और अहमदाबाद के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की गई। इसमें करीब 35 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण बरामद हुए। राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में कई अचल संपत्तियां मिलीं, जिनमें लग्जरी फ्लैट और प्लॉट शामिल हैं। परिवार के पास पोर्श और जीप कंपास जैसी हाई-एंड गाड़ियां भी जब्त की गईं। दो बैंक लॉकर भी सील किए गए, जिनकी जांच जारी है। सीबीआई सूत्रों ने बताया, 'आरोपी ने टैक्स मामलों में रिश्वत लेकर संपत्ति बनाई। फर्मों के जरिए पैसे का लेन-देन हुआ।' आरोपी की पोस्टिंग के दौरान कई व्यापारियों ने शिकायत की थी कि फाइल क्लियर करने के बदले मोटी रकम मांगी जाती थी।

## पंजाब सरकार ने जलजीव विविधता को बढ़ावा देने के लिए "रोहू" को राज्य मछली घोषित किया



हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। राज्य की जलजीव विविधता के संरक्षण और इसे प्रोत्साहित करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, पंजाब के पशुपालन, डेयरी विकास और मत्स्य पालन मंत्री श्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने आज अपने कार्यालय में रोहू (लाबियो रोहिता) को पंजाब की राज्य मछली घोषित किया।

राज्य के समृद्ध जलजीव संसाधनों पर प्रकाश डालते हुए श्री खुड्डियां ने कहा कि पंजाब का मत्स्य पालन क्षेत्र लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है। वर्तमान में राज्य में 43,683 एकड़ क्षेत्र में मत्स्य पालन किया जा रहा है, जिससे सालाना लगभग 2 लाख मीट्रिक टन मछली का उत्पादन हो रहा है। इस उत्पादन में रोहू मछली का महत्वपूर्ण योगदान है, जो 42,353 मीट्रिक टन (कुल उत्पादन का 21.18 प्रतिशत) है। इसकी कीमत 160 से 200 रुपये प्रति किलोग्राम तक होती है। यह मूल्यवान मछली अपने फ्यूसीफॉर्म शरीर और बड़े साइक्लोइड स्केल्स के कारण प्राकृतिक जलस्रोतों में 45 किलोग्राम तक बढ़ सकती है।

उन्होंने आगे बताया कि रोहू मछली प्रोटीन, विटामिन ए, बी और डी, तथा ओमेगा-3 फैटी एसिड जैसे पौष्टिक तत्वों से भरपूर होती है। इस कारण यह न केवल पंजाब में बल्कि अन्य राज्यों में भी स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन के रूप में लोकप्रिय है।

श्री खुड्डियां ने इस क्षेत्र के विकास में मत्स्य पालन विभाग और सहयोगी संस्थानों की भूमिका की सराहना करते हुए रोहू को राज्य मछली घोषित करने पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने इंडियन मेजर कार्पस (आइ.एम.सीज़) - रोहू, कतला और मृगल - के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

# सरदार पटेल का 'एक भारत' का सपना आज भी हर भारतीय के दिल में धड़कता है: नायब सिंह सैनी

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने झंडी दिखाकर की 'रन फॉर यूनिटी' की शुरुआत

हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को फतेहाबाद में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पंचायत भवन से हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों पर पुष्पवर्षा की और उन्होंने स्वयं भी दौड़ में शामिल होकर एकता का संदेश दिया।

एमएम कॉलेज मैदान तक आयोजित दौड़ में लगभग 30 हजार प्रतिभागी शामिल हुए। युवाओं, महिलाओं, खिलाड़ियों, विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा शहर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलवाई।



### राष्ट्रीय एकता दिवस – देश की अखण्डता का प्रतीक

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमारे राष्ट्र की आत्मा को सशक्त करने का दिन है। आज हम सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती मना रहे हैं। लौह पुरुष पटेल ने जिस संकल्प, साहस और दूर दृष्टि से भारत को एक सूत्र में पिरोया, वह आज भी प्रेरणा स्रोत है। मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल को याद करते हुए सभी हरियाणा वासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### रन फॉर यूनिटी' – राष्ट्र को जोड़ने का प्रतीकात्मक यज्ञ

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज की यह दौड़ केवल शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और अनुशासन का प्रतीक है। हरियाणा के सभी जिलों में लाखों नागरिक इस राष्ट्रीय संकल्प का हिस्सा बन रहे हैं। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के विजन को साकार करने की दिशा में एक कदम है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण अनुशासित, जिम्मेदार और जागरूक नागरिकों से होता है। यह दौड़ हमें सहनशीलता, अनुशासन और सामूहिकता का संदेश देती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस संकल्प को सरदार पटेल ने आजादी के बाद शुरू किया था, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उसे आगे बढ़ाते हुए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त कर एक बार फिर देश की एकता और अखण्डता को सुदृढ़ किया है।

उन्होंने कहा कि यह फैसला सरदार पटेल की भावना के अनुरूप था, एक राष्ट्र, एक संविधान, एक तिरंगा। मुख्यमंत्री ने इस कदम को भारत की एकता को और मजबूत करने वाला ऐतिहासिक निर्णय बताया और कहा कि यह उस 'अखंड भारत' की भावना का प्रतीक है, जिसका सपना सरदार पटेल ने देखा था।

### फतेहाबाद की जनता में दिखा जोश और देशभक्ति का जज़्बा

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि फतेहाबाद में कार्यक्रम में उपस्थित हुए लोग इस बात का प्रमाण हैं कि सरदार पटेल का 'एक भारत' का सपना आज भी हर नागरिक के हृदय में जीवित है। उन्होंने कहा कि हमारी विविधता ही हमारी असली ताकत है। अलग-अलग भाषाएं, परंपराएं और संस्कृतियां होने के बावजूद हम सब भारतीय हैं। तन अनेक हैं, पर मन एक है। उन्होंने युवाओं को अपने संबोधन में कहा कि नई पीढ़ी को देश की एकता और अखण्डता की मशाल थामनी होगी।

### सरदार पटेल – राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार थे

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को सच्चे अर्थों में 'भारत की एकता का निर्माता' कहा जा सकता है। आज़ादी के बाद गृह मंत्री रहते हुए उन्होंने 562 रियासतों का विलय कर अखण्ड भारत का निर्माण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके प्रयासों से आज का भारत मजबूत और एकजुट है। उनके जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि देश की एकता सर्वोपरि है।

### हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं भी दीं

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा दिवस (1 नवंबर) की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरियाणा की जनता अपनी मेहनत, समर्पण और एकजुटता के बल पर देशभर में उदाहरण पेश कर रही है।

न्यूज डायरी

## सरदार पटेल के नेतृत्व ने जोड़ा राष्ट्र, रखी अखंड भारत की नींव: डॉ. अरविंद शर्मा




हिन्द जनपथ

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। हरियाणा के सहकारिता, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। 'रन फॉर यूनिटी' का उद्देश्य समाज में एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना को वर्तमान पीढ़ी में और मजबूत करना है। डॉ. शर्मा ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार सुबह झज्जर के महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम में आयोजित रन फॉर यूनिटी दौड़ को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस दौड़ ने पूरे शहर में एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति का संदेश प्रसारित किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि आज हम सभी भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर राष्ट्र की एकता के संकल्प के साथ एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, सशक्त नेतृत्व और दूरदर्शिता के बल पर भारत को एक सूत्र में पिरोकर अखंड राष्ट्र के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने और 'रन फॉर यूनिटी' के माध्यम से जन-जन में एकता, अनुशासन, फिटनेस और राष्ट्र निर्माण की भावना जगाने की पहल की सराहना की।

डॉ. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने 'अखंड भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। इनमें जम्मू–कश्मीर से धारा 370 और अनुच्छेद 35A को हटाकर राज्य को मुख्यधारा से जोड़ना एक ऐतिहासिक कदम रहा है। उन्होंने कहा कि गुजरात के केवड़िया में स्थापित 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' केवल विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा नहीं, बल्कि भारत की एकता, शक्ति और गौरव का प्रतीक है।

डॉ. शर्मा ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के प्रत्येक जिले में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जा रहा है, जो सरदार पटेल के सपनों के भारत के निर्माण में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का प्रतीक है।

उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि इस दौड़ को केवल एक कार्यक्रम के रूप में न लें, बल्कि इसे एकता, समरसता और राष्ट्र सेवा के संदेश के रूप में जीवन में आत्मसात करें। दौड़ प्रारंभ होने से पूर्व मुख्य अतिथि द्वारा सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और युवाओं में उत्साह एवं देशभक्ति का अद्भुत जोश देखने को मिला।

## स्वास्थ्य संस्थाओं में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए : आरती सिंह राव



हिन्द जनपथ

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राज्य के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सफ़ाई व्यवस्था को बेहतर और सुव्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने कहा कि साफ़ और स्वच्छ वातावरण न केवल मरीजों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि इससे अस्पतालों की समग्र कार्यप्रणाली और सेवा गुणवत्ता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्राथमिक उद्देश्य है कि हर नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित और मानक सुविधाओं वाले सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों का लाभ मिले। इस दिशा में गंभीरता दिखाते हुए उन्होंने आगामी 2 नवंबर से 8 नवंबर तक सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि अस्पताल के वार्ड, आपातकालीन कक्ष, प्रसूति कक्ष, शौचालय और प्रतीक्षा कक्षों की नियमित सफाई हो।

अस्पताल परिसर में कहीं भी गंदगी या कूड़ा-कचरा न जमा हो। जैव-चिकित्सीय कचरा (Biomedical Waste) निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार समय पर निस्तारित किया जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सफाई अभियान की मॉनिटरिंग करने और प्रत्येक गतिविधि का रिकॉर्ड रखने के भी निर्देश दिए। इस अभियान की फोटो भी शेयर करने के निर्देश दिए गए हैं। आरती सिंह राव ने यह भी स्पष्ट किया कि लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों या कर्मचारियों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य संस्थानों को 'मरीज-हितैषी' और 'स्वच्छ' बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन और कर्मचारियों का सहयोग करें।

## भारत चुनाव आयोग ने अंतरराज्यीय सीमा तैयारियों की समीक्षा की

हिन्द जनपथ

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री ए. श्रीनिवास ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा हाल ही में बिहार में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत अंतर-राज्यीय सीमाओं से संबंधित मुद्दों पर एक समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक एवं गृह विभाग के प्रधान सचिव सहित गृह मंत्रालय, रेल मंत्रालय और विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी शामिल हुए।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार एवं उससे सटे पड़ोसी राज्यों में कानून-व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की, ताकि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अंतर्राज्यीय और नेपाल से लगी अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार हथियार, असामाजिक तत्व, शराब, नशीले पदार्थ और मुफ्त उपहारों सहित लोगों, सामग्री और धन की आवाजाही पर नज़र रखी जा सके।

बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं प्रलोभन-मुक्त चुनाव कराने के प्रति आयोग की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से निर्वाचन प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखने हेतु आपसी समन्वय और प्रभावी कार्यप्रणाली अपनाने का आह्वान किया। आयोग ने मतदान के दिन मतदाताओं के लिए सुखद और सुचारू अनुभव सुनिश्चित करने हेतु मतदाता-सुविधा निर्देशों के अनुपालन की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ-साथ केंद्रीय एजेंसियों के प्रमुखों को बिहार विधानसभा 2025 के आम चुनाव को शांतिपूर्ण और प्रलोभन-मुक्त सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा सचिवालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार वल्लभ भाई पटेल को किया नमन

### मुख्यमंत्री ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ



हिन्द जनपथ

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर हरियाणा सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ भी दिलाई।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल सही मायने में राष्ट्रीय एकता के प्रतीक और अखंड भारत के शिल्पी थे। आजादी के बाद उन्होंने भारत के प्रथम गृह मंत्री के रूप में अपनी कुशल प्रशासनिक क्षमता से देश की नींव मजबूत की। उस समय देश सैकड़ों रियासतों और राजघरानों में बंटा हुआ था, लेकिन सरदार पटेल ने 562 रियासतों का भारतीय संघ में विलय कराकर अखंड भारत और राष्ट्रीय एकता की आधारशिला रखी।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज भारत दुनिया की महाशक्ति बनने की राह पर है, जिसकी नींव सरदार पटेल ने रखी थी। उनके अखंड भारत के सपने को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर साकार किया। प्रधानमंत्री ने गुजरात के नर्मदा जिले में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कर सरदार पटेल को युगों-युगों तक जीवित रखने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबको सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए समर्पित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह दिवस न केवल एक महापुरुष को स्मरण करने का अवसर है, बल्कि यह हम सबको एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को दोहराने का भी दिन है। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए स्वयं को समर्पित करने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के बेजोड़ शिल्पी सरदार पटेल को नमन करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने विकट परिस्थितियों में अपनी कुशाग्र बुद्धि और मजबूत इरादों के बल पर 562 रियासतों का विलय करवाकर देश को एकता के सूत्र में पिरोने का असाध्य काम करते हुए भारत को अखंड भारत बनाने का काम किया। दुनिया के इतिहास में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति हुआ हो, जिसने बिना किसी रक्तपात के इतनी बड़ी संख्या में रियासतों का विलय करवाया हो। श्री रस्तोगी ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन त्याग, समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रतीक था। सरदार पटेल एक ऐसा भारत बनाना चाहते थे, जहां प्रशासनिक ढांचा अनुशासन, निष्ठा और सेवा भावना पर आधारित हो। उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा की अवधारणा को राष्ट्र-निर्माण का मूल स्तंभ बताया।

सूचना, जनसंपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का स्वागत करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्र भारत के प्रशासनिक तंत्र की नींव को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने देश की रियासतों का एकीकरण कर भारत को राजनीतिक रूप से एकजुट किया और एक मजबूत केंद्रीय प्रशासन की स्थापना की। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा जैसी अखिल भारतीय सेवाओं ने देश के शासन और कानून-व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में अहम योगदान दिया। उनके प्रयासों से भारत एक सशक्त, संगठित और प्रशासनिक रूप से सक्षम राष्ट्र के रूप में उभरा।

इस दौरान गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरुण कुमार गुप्ता, पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार सहित तमाम वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## ब्रेन स्ट्रोक जैसी गंभीर चिकित्सकीय आपात स्थिति के प्रति जागरूक करने हेतु मुफ्त चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर लगाया

हिन्द जनपथ

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। मुकट हॉस्पिटल एंड हार्ट इंस्टिट्यूट, चण्डीगढ़ ने विश्व स्ट्रोक दिवस 2025 के उपलक्ष्य में एक मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य ब्रेन स्ट्रोक जैसी गंभीर चिकित्सकीय आपात स्थिति के प्रति जन-जागरूकता फैलाना था। शिविर में रोगियों के स्ट्रोक जोखिम आंकलन के लिए विभिन्न जांचें की गईं। मुकट हॉस्पिटल की कंसल्टेंट न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. सुरंजना बसाक ने स्ट्रोक रोगियों की समझ, मूल्यांकन और उपचार पर एक विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया।



अस्पताल की स्ट्रोक टीम, जिसमें डॉ. तेजस सूद (क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ), डॉ. मनदीप सिंह (मेडिसिन विशेषज्ञ), डॉ. रमेश अग्रवाल (सर्जन) और डॉ. राशिका (फिजियोथेरेपिस्ट) शामिल थे, ने कई रोगियों की जांच की। कार्यक्रम का संचालन माय एफएम की आरजे शैलजा ने किया, जिन्होंने श्रोताओं को रोचक और सहज तरीके से स्ट्रोक के बारे में जानकारी दी। इस आयोजन को प्रतिभागियों से अत्यधिक उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिली, जो यह दर्शाता है कि समुदाय में रोकथाम संबंधी स्वास्थ्य पहलों के प्रति गहरी रुचि है। स्ट्रोक के प्रति जागरूकता फैलाना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इससे स्ट्रोक से जुड़ी जटिलताओं को कम किया जा सकता है और समाज में समग्र जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा सकता है। मुकट हॉस्पिटल लगातार जनस्वास्थ्य शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, विशेषकर तब, जब भारत में हर मिनट दो व्यक्ति स्ट्रोक से प्रभावित होते हैं, और हर पाँच में से एक व्यक्ति अपने जीवनकाल में स्ट्रोक का सामना करने की संभावना रखता है।

## एनसीसी डायरेक्टरेट की कमांड में बदलाव: मेजर जनरल जगदीप सिंह चीमा ने मेजर जनरल भारत मेहतानी को चार्ज सौंपा

हिन्द जनपथ

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। एनसीसी पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ के एडिशनल डायरेक्टर जनरल, मेजर जनरल जगदीप सिंह चीमा ने 37 साल की प्रतिष्ठित सेवाकाल के बाद अपनी रिटायरमेंट पर आज मेजर जनरल भारत मेहतानी को चार्ज सौंप दिया।




अपने कार्यकाल के दौरान, मेजर जनरल चीमा ने ऑफिस में एक सकारात्मक और अच्छा माहौल बनाया, जिससे उनकी टीम को शानदार उपलब्धियां हासिल करने की प्रेरणा मिली। ड्यूटी के प्रति उनके उल्लेखनीय समर्पण और प्रतिबद्धता को याद करते हुए एनसीसी डायरेक्टरेट के स्टाफ ने उनकी लीडरशिप के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

मेजर जनरल चीमा, नेशनल डिफेंस एकेडमी, खड़कवासला के स्टूडेंट रहे हैं। अपने शानदार मिलिट्री करियर में बांग्लादेश में भारतीय हाई कमीशन में डिफेंस अटैची के तौर पर काम किया और यूएन मिशन में सेवा की है। वह 1 अगस्त, 2024 से रेजिमेंट ऑफ़ आर्टिलरी (ग्रुप-IV) के कर्नल कमांडेंट भी हैं।

एनसीसी डायरेक्टरेट के नए एडिशनल डायरेक्टर जनरल, मेजर जनरल भारत मेहतानी अपनी नई भूमिका में बहुत अनुभव लेकर आए हैं, उन्होंने वेस्टर्न सेक्टर में एक इन्फेंट्री ब्रिगेड और डिवीज़न की कमान संभाली है और अलग-अलग पदों पर काम किया है। उनकी शानदार सेवा के लिए उन्हें वेस्टर्न कमांड के जीओसी-इन-चीफ कमेंडेशन कार्ड से सम्मानित भी किया गया है।

एक रसमी समारोह के दौरान दोनों अधिकारियों ने गर्मजोशी से एक दूसरे का अभिवादन करते हुए, औपचारिक तौर कमांड के चार्ज का आदान प्रदान किया ।

## पोस्टल डिवीजन चंडीगढ़ ने पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के सहयोग से सफलतापूर्वक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया आयोजन

हिन्द जनपथ

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत, चंडीगढ़ पोस्टल डिवीजन ने पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के सहयोग से 31 अक्टूबर 2025 को जीपीओ, चंडीगढ़ में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया।



रक्तदान शिविर का उद्घाटन श्री कुमार संजीव, वरिष्ठ डाकघर अधीक्षक, तथा डॉ. अनुभव गुप्ता, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग, पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर श्री किशोरी लाल, प्रभारी बीपीसी, चंडीगढ़, और सुश्री मोनिका, वरिष्ठ पोस्टमास्टर, जीपीओ चंडीगढ़ भी उपस्थित रहे और स्वयंसेवकों को इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

उचित चिकित्सीय परीक्षण के बाद, 51 स्वस्थ स्वयंसेवकों ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया और इस मानवीय पहल में अपना योगदान दिया। रक्त बैंक और चंडीगढ़ डाक मंडल द्वारा संयुक्त रूप से जारी किए गए रक्तदाता प्रमाणपत्र सभी स्वयंसेवक रक्तदाताओं को उनके बहुमूल्य सहयोग हेतु प्रदान किए गए।

## मेरा युवा भारत मोहाली द्वारा "सरदार@150 यूनिटी मार्च" पर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन

**मोहाली/चंडीगढ़-** आज माई युवा भारत, मोहाली द्वारा 'सरदार@150 यूनिटी मार्च' विषय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (आरजीएनआईवाईडी), पेक चंडीगढ़ में किया गया। कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी सुश्री इशा गुप्ता ने की, साथ ही माई युवा भारत मोहाली के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सुश्री इशा गुप्ता ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गर्व की भावना बढ़ाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करना और एकता की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। इसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक सभी को शामिल किया जा रहा है, ताकि देश के इतिहास, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को सशक्त बनाया जा सके। खासकर अमृत पीढ़ी—यानी आज के युवाओं—को केंद्र में रखा गया है।

उन्होंने बताया कि 6 अक्टूबर 2025 को भारत सरकार और माई भारत द्वारा सरदार@150 यूनिटी मार्च की शुरुआत की गई, जो लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति, नेतृत्व और कर्तव्य भावना विकसित करना है।

6 अक्टूबर को माननीय केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस अभियान का डिजिटल शुभारंभ 'माई भारत' पोर्टल पर किया। डिजिटल चरण में सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता, निबंध लेखन और 'सरदार@150 यंग लीडर्स प्रोग्राम' शामिल हैं। इस कार्यक्रम में चुने गए 150 विजेता राष्ट्रीय पदयात्रा में शामिल होंगे। मोहाली में जिला स्तरीय दो पदयात्राएँ नवंबर 2025 में आयोजित होंगी, जिनकी दूरी 8–10 किमी होगी। पदयात्रा से पहले स्कूल और कॉलेजों में निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ, सरदार पटेल के जीवन पर संगोष्ठी, और नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियाँ होंगी। युवाओं के बीच नशामुक्त भारत शपथ, "गर्व से स्वदेशी" संकल्प और स्वदेशी मेलों का भी आयोजन किया जाएगा।

## खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में 'रन फॉर यूनिटी' का किया आयोजन

हिन्द जनपथ

**रोहतक/चंडीगढ़,** : लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (MDU) परिसर में 'रन फॉर यूनिटी' मिनी मैराथन का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, के राज्य कार्यालय अंबाला द्वारा खादी ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली एवं MDU प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया गया।




कार्यक्रम में केवीआईसी के चेयरमैन श्री मनोज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने MDU के रजिस्ट्रार डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के साथ 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और प्रतिभागियों को एकता, स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत का संदेश दिया।

मैराथन का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, स्वदेशी उत्पादों पर गर्व और आत्मनिर्भर भारत की भावना को सुदृढ़ करना था। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अपने संबोधन में श्री मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक नेतृत्व में खादी केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा का प्रतीक बन चुकी है। प्रधानमंत्री जी के 'वोकल फॉर लोकल', 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी', 'गर्व से कहो यह स्वदेशी है' और 'आत्मनिर्भर भारत' के आह्वान ने पूरे देश में 'खादी की स्वदेशी क्रांति' का नया अध्याय लिखा है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की एकता की भावना और बापू के स्वदेशी विचार आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 'संकल्प से सिद्धि' की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने युवाओं से स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने और गर्व के साथ खादी अपनाने का आग्रह किया, क्योंकि यही वास्तविक आर्थिक आत्मनिर्भरता का मार्ग है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी सुधार खादी जगत के लिए ऐतिहासिक कदम है। अब खादी उत्पादों पर जीएसटी शून्य कर दिया गया है, जिससे कारीगरों और उद्योग को सीधा लाभ मिलेगा। इस निर्णय से खादी के उत्पादन, बिक्री और लोकप्रियता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा देशभर में खादी के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ेगी।

श्री कुमार ने बताया कि "प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से खादी और ग्रामोद्योग ने गांव-गांव तक 'कारीगर क्रांति' की नई अलख जगाई है। वित्त वर्ष 2024-25 में खादी और ग्रामोद्योग का कुल उत्पादन 1,16,599 करोड़ रुपये और कुल बिक्री 1,70,551 करोड़ रुपये रही है, जिससे लगभग 2 करोड़ लोगों को रोजगार मिला।" उन्होंने आगे कहा, "पिछले 11 वर्षों में खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र में उत्पादन 4 गुना, बिक्री 5 गुना और रोजगार में 49 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुए आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन का प्रमाण है।"

कार्यक्रम के अंत में पुरुष एवं महिला वर्ग के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 4,000, द्वितीय पुरस्कार 3,000, तथा तृतीय पुरस्कार 2,000 के खादी कूपन एवं मेडल प्रदान किए गए।

पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान मास्टर परवीन, द्वितीय मास्टर अनीश, तथा तृतीय मास्टर साहिल सिंधू ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान सुश्री सुधा यादव, द्वितीय सुश्री वंदना, जबकि सुश्री अवनि एवं श्रीमती निकिता ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा ई–नीलामी की जाएगी, जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | ई– कैटलॉग सं | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | शिमला रेलवे स्टेशन पर 144 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाले क्लोक रूम प्रबंधन के लिए अनुबंध | PnU-UMB-SML-WRL-49-23-1 (Pay and Use-Lounges/ Waiting/Retiring/Cloak Rooms) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |
| 2 | बठिंडा रेलवे स्टेशन पर 20.78 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले क्लोक रूम प्रबंधन एवं स्टेशनरी दुकान जिसमें मुद्रण/फोटोकॉपी सुविधा उपलब्ध है, के लिए अनुबंध | PnU-UMB-BTI-WRL-66-25-1 (Pay and Use-Lounges/ Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |
| 3 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर 3 मीटर X 4 मीटर आकार (कुल क्षेत्रफल 12 वर्ग मीटर) वाले क्लोक रूम प्रबंधन एवं स्टेशनरी दुकान जिसमें मुद्रण/फोटोकॉपी सुविधा उपलब्ध है, के लिए अनुबंध | PnU-UMB-RPJ-WRL-59-25-2 (Pay and Use-Lounges/ Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |
| 4 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर कुल क्षेत्रफल 20.44 वर्ग मीटर के साथ क्लोक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान जिसमें मुद्रण/फोटोकॉपी सुविधा है | PnU-UMB-SRE-WRL-44-25-1 (Pay and Use-Lounges/ Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |
| 5 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 12 फीट X 12 फीट आकार (कुल क्षेत्रफल 144 वर्ग फुट या 13.38 वर्ग मीटर) वाले क्लोक रूम प्रबंधन एवं स्टेशनरी दुकान जिसमें मुद्रण/फोटोकॉपी सुविधा उपलब्ध है, के लिए अनुबंध | PnU-UMB-UMB-WRL-47-25-1 (Pay and Use-Lounges/ Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |
| 6 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर 3 मीटर X 5.37 मीटर आकार (कुल क्षेत्रफल 16.11 वर्ग मीटर) वाले क्लोक रूम प्रबंधन एवं स्टेशनरी दुकान जिसमें मुद्रण/ फोटोकॉपी सुविधा उपलब्ध है, के लिए अनुबंध | PnU-UMB-SIR-WRL-60-25-2 (Pay and Use-Lounges/ Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |
| 7 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर पार्सल पैकिंग के उद्देश्य से 10'X10' (100 वर्ग फुट) फर्श स्थान उपलब्ध कराने का प्रावधान | MSS-UMB-UMB-TWnOPS-23-23-1(Misc-Static-Services-Two wheeler and other parcel packing) | 12.11.2025 12.00 Hrs. |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3388/25

# सरदार पटेल का 'एक भारत' का सपना आज भी हर भारतीय के दिल में धड़कता है: मुख्यमंत्री सैनी

● मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने झंडी दिखाकर की 'रन फॉर यूनिटी' की शुरुआत ● 30 हज़ार से अधिक लोगों ने दिखाई सहभागिता, मुख्यमंत्री स्वयं भी एकता के संदेश के साथ दौड़े



**हिन्द जनपथ,चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को फतेहाबाद में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पंचायत भवन से हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों पर पुष्प वर्षा की और उन्होंने स्वयं भी दौड़ में शामिल होकर एकता का संदेश दिया। एमएम कॉलेज मैदान तक आयोजित दौड़ में लगभग 30 हजार प्रतिभागी शामिल हुए। युवाओं, महिलाओं, खिलाड़ियों, विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा शहर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलवाई।

**राष्ट्रीय एकता दिवस - देश की अखण्डता का प्रतीक** - मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमारे राष्ट्र की आत्मा को सशक्त करने का दिन है। आज हम सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती मना रहे हैं। लौह पुरुष पटेल ने जिस संकल्प, साहस और दूर दृष्टि से भारत को एक सूत्र में पिरोया, वह आज भी प्रेरणा स्रोत है। मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल को याद करते हुए सभी हरियाणा वासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

**रन फॉर यूनिटी' - राष्ट्र को जोड़ने का प्रतीकात्मक यज्ञ** - मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज की यह दौड़ केवल शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और अनुशासन का प्रतीक है। हरियाणा के सभी जिलों में लाखों नागरिक इस राष्ट्रीय संकल्प का हिस्सा बन रहे हैं। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के विजन को साकार करने की दिशा में एक कदम है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण अनुशासित, जिम्मेदार और जागरूक नागरिकों से होता है। यह दौड़ हमें सहनशीलता, अनुशासन और सामूहिकता का संदेश देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस संकल्प को सरदार पटेल ने आजादी के बाद शुरू किया था, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उसे आगे बढ़ाते हुए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त कर एक बार फिर देश की एकता और अखण्डता को सुदृढ़ किया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला सरदार पटेल की भावना के अनुरूप था, एक राष्ट्र, एक संविधान, एक तिरंगा। मुख्यमंत्री ने इस कदम को भारत की एकता को और मजबूत करने वाला ऐतिहासिक निर्णय बताया और कहा कि यह उस 'अखंड भारत' की भावना का प्रतीक है, जिसका सपना सरदार पटेल ने देखा था।

**फतेहाबाद की जनता में दिखा जोश और देशभक्ति का जज़्बा** - मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि फतेहाबाद में कार्यक्रम में उपस्थित हुए लोग इस बात का प्रमाण हैं कि सरदार पटेल का 'एक भारत' का सपना आज भी हर नागरिक के हृदय में जीवित है। उन्होंने कहा कि हमारी विविधता ही हमारी असली ताकत है। अलग-अलग भाषाएं, परंपराएं और संस्कृतियां होने के बावजूद हम सब भारतीय हैं। तन अनेक हैं, पर मन एक है। उन्होंने युवाओं को अपने संबोधन में कहा कि नई पीढ़ी को देश की एकता और अखण्डता की मशाल थामनी होगी।

**सरदार पटेल - राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार थे** - मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को सच्चे अर्थों में 'भारत की एकता का निर्माता' कहा जा सकता है। आज़ादी के बाद गृह मंत्री रहते हुए उन्होंने 562 रियासतों का विलय कर अखण्ड भारत का निर्माण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके प्रयासों से आज का भारत मजबूत और एकजुट है। उनके जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि देश की एकता सर्वोपरि है।

**हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं भी दीं** - मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा दिवस (1 नवंबर) की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरियाणा की जनता अपनी मेहनत, समर्पण और एकजुटता के बल पर देशभर में उदाहरण पेश कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की मिट्टी में शौर्य, परिश्रम और एकता की खुशबू है। इसी भावना से आगे बढ़ना ही सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रति सच्ची श्रद्धांजली है। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री दुड़ा राम, आईजी श्री पंकज नैन, उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, एसपी श्री सिद्धांत जैन, चेयरमैन श्री भारत भूषण मिढ़ा, श्री सुरेंद्र आर्य, जिला परिषद अध्यक्ष श्री सुमन खीचड़, अतिरिक्त उपायुक्त श्री अनुराग ढालिया, एसडीएम श्री आकाश शर्मा, भाजपा ज़िलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा भी उपस्थित थे।

## लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में पुलिस मुख्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

● पुलिस महानिदेशक ने देश की एकता व अखंडता बनाए रखने के साथ ही पुलिसकर्मियों को कर्त्तव्य पथ पर ईमानदारी से बढ़ने का दिलाया संकल्प



**हिन्द जनपथ,चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा पुलिस द्वारा लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में पुलिस मुख्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह ने पुलिस मुख्यालय में कार्यरत वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय के पुलिसकर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्र निर्माण में सरदार वल्लभभाई पटेल के उल्लेखनीय योगदान को याद किया। इस मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक ने कहा कि देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में कार्यरत होने के चलते इस दिशा में हमारा उत्तरदायित्व और अधिक बढ़ जाता है। हमारा पहला कर्तव्य है देश की एकता व अखंडता बनाए रखने के साथ-साथ सेवा व सुरक्षा के भाव के साथ समर्पित होकर अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें।

## स्वास्थ्य संस्थाओं में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए : आरती सिंह राव

● 2 नवंबर से 8 नवंबर तक प्रदेश भर भर में चलाया जाएगा अभियान

**हिन्द जनपथ,चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राज्य के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सफ़ाई व्यवस्था को बेहतर और सुव्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने कहा कि साफ़ और स्वच्छ वातावरण न केवल मरीजों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि इससे अस्पतालों की समग्र कार्यप्रणाली और सेवा गुणवत्ता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्राथमिक उद्देश्य है कि हर नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित और मानक सुविधाओं वाले सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों का लाभ मिले। इस दिशा में गंभीरता दिखाते हुए उन्होंने आगामी 2 नवंबर से 8 नवंबर तक सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि अस्पताल के वार्ड, आपातकालीन कक्ष, प्रसूति कक्ष, शौचालय और प्रतीक्षा कक्षों की नियमित सफाई हो।

अस्पताल परिसर में कहीं भी गंदगी या कूड़ा-कचरा न जमा हो। जैव-चिकित्सीय कचरा (Biomedical Waste) निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार समय पर निस्तारित किया जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सफाई अभियान की मॉनिटरिंग करने और प्रत्येक गतिविधि का रिकॉर्ड रखने के भी निर्देश दिए।

## भारत चुनाव आयोग ने अंतरराज्यीय सीमा तैयारियों की समीक्षा की

**हिन्द जनपथ,चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री ए. श्रीनिवास ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा हाल ही में बिहार में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत अंतर-राज्यीय सीमाओं से संबंधित मुद्दों पर एक समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक एवं गृह विभाग के प्रधान सचिव सहित गृह मंत्रालय, रेल मंत्रालय और विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार एवं उससे सटे पड़ोसी राज्यों में कानून-व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की, ताकि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अंतर्राज्यीय और नेपाल से लगी अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार हथियार, असामाजिक तत्व, शराब, नशीले पदार्थ और मुफ्त उपहारों सहित लोगों, सामग्री और धन की आवाजाही पर नज़र रखी जा सके।

## गरीब श्रमिकों के साथ घोर अन्याय, हरियाणा सरकार की मजदूरी वृद्धि नीति पर कुमारी सैलजा ने जताया कड़ा विरोध

सरकार तुरंत मजदूरी में कम से कम 10 प्रतिशत की वृद्धि करेः कुमारी सैलजा

**हिन्द जनपथ,चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी में केवल 0.23 प्रतिशत वृद्धि करने के निर्णय को गरीब मजदूरों के साथ खुला अन्याय, अमानवीय और संवेदनहीन कदम बताया है। कांग्रेस पार्टी मजदूरों और गरीब तबके के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। यह सरकार सिर्फ प्रचार में माहिर है, परंतु वास्तविकता में आम आदमी की समस्याओं से पूरी तरह अनजान है। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि यह वृद्धि पिछले 10 वर्षों में सबसे कम है, जबकि इस अवधि में महंगाई कई गुना बढ़ चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 20 लाख से अधिक श्रमिक वर्ग का जीवन पहले ही महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहा है, और ऐसे समय में सरकार का यह फैसला मजदूरों के पेट पर सीधी चोट है। सांसद ने कहा है कि जब सरकार अपने कर्मचारियों को 3 से 4 प्रतिशत तक महंगाई भत्ता बढ़ाकर राहत दे रही है, तो वही सरकार मजदूरों की मेहनत की कीमत सिर्फ 0.23 प्रतिशत बढ़ाकर उनका अपमान कर रही है। यह नीति सरकार की दोहरी सोच और मजदूर विरोधी रवैये को उजागर करती है। कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा जैसे औद्योगिक राज्य में मजदूर वर्ग ही विकास की असली रीढ़ है। निर्माण कार्यों, ईंट-भट्टों, ट्रांसपोर्ट, कृषि, फैक्ट्रियों और निजी संस्थानों में काम करने वाले मजदूर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देते हैं, लेकिन उन्हें उचित वेतन और सुरक्षा नहीं मिल पा रही।



सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में महंगाई दर के अनुपात में मजदूरी नहीं बढ़ाई, जबकि खाद्य पदार्थों, बिजली, किराए और शिक्षा की लागत लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा-जजपा सरकार बड़े उद्योगपतियों को करों में राहत दे रही है, वहीं दूसरी तरफ गरीब मजदूरों की मेहनत का मूल्य घटा रही है। सांसद ने सरकार से मांग की है कि मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी में कम से कम 10 प्रतिशत की तत्काल वृद्धि की जाए, मजदूरी निर्धारण में श्रमिक संगठनों और विशेषज्ञों की राय को शामिल किया जाए, हर तीन माह में मजदूरी की समीक्षा की जाए, ताकि महंगाई के अनुसार समायोजन हो सके और ईंट-भट्टों, निर्माण स्थलों और फैक्ट्रियों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए विशेष कल्याण कोष का गठन किया जाए।

## सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता व अखंडता के पुरोधा: धनखड़

सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित रन फॉर यूनिटी में धनखड़ के साथ दौड़े बादली हलका वासी

**हिन्द जनपथ,चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** सरदार वल्लभ भाई पटेल देश की एकता व अखंडता के पुरोधा हैं। वर्तमान भारत के स्वरूप के शिल्पकार हैं। सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर बादली में आयोजित रन फॉर यूनिटी में भागीदारों को संबोधित करते हुए यह बात कही। धनखड़ ने कहा कि अंग्रेजों ने आजादी देते समय देश को 562 रियासतों में विभाजित कर रखा था। सरदार पटेल जी ने दूरदर्शिता के साथ निर्णय लेते हुए सभी रियासतों को जोडक़र वर्तमान भारत का स्वरूप बनाया। जो सदियों से सांस्कृतिक रूप से एक राष्ट्र रहा है। आज पूरा देश उनकी 150 जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मना रहा है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी केवडिय़ा में स्थापित सरदार पटेल की प्रतिमा दुनिया में भारत की एकता एवं अखंडता की प्रतीक स्टेच्यू आर्फ यूनिटि को नमन करते हुए राष्ट्रीय एकता परेड में भागीदार बने हैं। आज पूरा देश सरदार पटेल को भावपूर्ण नमन करते हुए राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संकल्प ले रहा है। आने वाले दिनों में राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को समर्पित अनेक कार्यक्रम होंगे। हर जिला में पदयात्राएं निकाली जाएंगी।



धनखड़ ने कहा कि हैदराबाद रियासत को 1948 में भारत में शामिल करने पर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया था। आज भी हैदराबादी लोग सरदार पटेल के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं। पीएम मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर सरदार पटेल के सपनों को पूरा करने का काम किया है। धनखड़ ने कहा कि आजादी के बाद देश की जनता चाहती थी कि पटेल देश का प्रधानमंत्री बनें। लेकिन कुछ कांग्रेसियों ने मिलकर देश के लोगों की भावनाओं के खिलाफ जाकर नेहरू को देश का प्रधानमंत्री बना दिया। देशभर में आज भी चर्चा होती है कि अगर देश के पहले प्रधानमंत्री पटेल होते तो भारत की तस्वीर ही अलग होती। हरियाणा हांगे कै धनखड़ ने हरियाणा के 60 वें स्थापना दिवस की प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि पिछले 60 वर्षों में हरियाणा ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। हरियाणा हांगे कै सै और हरियाणा के लोगों ने हांगे को फोकस करना सीख लिया है।

## सरदार पटेल के नेतृत्व ने जोड़ा राष्ट्र, रखी अखंड भारत की नींव: डॉ. अरविंद शर्मा

**हिन्द जनपथ,चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के सहकारिता, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। 'रन फॉर यूनिटी' का उद्देश्य समाज में एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना को वर्तमान पीढ़ी में और मजबूत करना है। डॉ. शर्मा ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार सुबह झज्जर के महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम में आयोजित रन फॉर यूनिटी दौड़ को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस दौड़ ने पूरे शहर में एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति का संदेश प्रसारित किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि आज हम सभी भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर राष्ट्र की एकता के संकल्प के साथ एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, सशक्त नेतृत्व और दूरदर्शिता के बल पर भारत को एक सूत्र में पिरोकर अखंड राष्ट्र के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने और 'रन फॉर यूनिटी' के माध्यम से जन-जन में एकता, अनुशासन, फिटनेस और राष्ट्र निर्माण की भावना जगाने की पहल की सराहना की। डॉ. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने 'अखंड भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। इनमें जम्मूङ्ककश्मीर से धारा 370 और अनुच्छेद 35 को हटाकर राज्य को मुख्यधारा से जोड़ना एक ऐतिहासिक कदम रहा है। उन्होंने कहा कि गुजरात के केवड़िया में स्थापित 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' केवल विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा नहीं, बल्कि भारत की एकता, शक्ति और गौरव का प्रतीक है।

## बठिंडा के स्कूलों की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखने वाले एस.एफ.जे. के तीन कार्यकर्ता गिरफ्तार

चार मोबाइल फोन और एक डोंगल डिवाइस बरामद

**चंडीगढ़/बठिंडा ।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने की मुहिम के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए काउंटर इंटेलिजेंस बठिंडा ने बठिंडा पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में पाबंदीशुदा संगठन ÷सिख्स फॉर जस्टिस (एस एफ जे)÷ के तीन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी गांव भिसियाणा और मानांवाला के स्कूलों की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखने में शामिल थे। यह जानकारी आज पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डी जी पी) गौरव यादव ने दी।

÷सिख्स फॉर जस्टिस (एस एफ जे)÷ न्यूयॉर्क स्थित संगठन है, जिसे इसके प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू के समर्थन प्राप्त हैं, और भारत सरकार ने इसे गैर-कानूनी संगठन घोषित किया हुआ है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नवजोत सिंह उर्फ जोता (24) और गुरप्रीत सिंह (26) - दोनों निवासी कालीयावाला, फिरोजपुर - तथा हरजिंदर सिंह, निवासी मानांवाला, बठिंडा के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से चार मोबाइल फोन और एक डोंगल डिवाइस बरामद की है। जांच के अनुसार, 19-20 अक्टूबर 2025 की रात गांव मानांवाला के एक स्कूल और 26-27 अक्टूबर 2025 की रात गांव भिसियाणा के पीएम केंद्रीय विद्यालय की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे गए थे। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि आरोपियों ने समाज में अशांति फैलाने और देशविरोधी भावनाओं को भड़काने के उद्देश्य से ये नारे लिखे थे।उन्होंने कहा कि सबूतों से यह भी स्पष्ट हुआ है कि इन गतिविधियों के लिए उन्हें विदेशों से फंडिंग मिल रही थी।

डीजीपी ने बताया कि पुलिस टीमों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए यह सुनिश्चित किया कि किसी भी देशविरोधी गतिविधि को अंजाम न दिया जा सके। काउंटर इंटेलिजेंस बठिंडा और बठिंडा पुलिस ने मिलकर आरोपियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए पेशेवर और वैज्ञानिक ढंग से जांच की। इस अभियान के बारे में जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एस एस पी) बठिंडा अमनीत कौंडल ने बताया कि तकनीकी जानकारी के आधार पर की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने गांव भिसियाणा स्थित पीएम केंद्रीय विद्यालय की दीवारों पर नारे लिखने वाले दोनों मुख्य आरोपियों - नवजोत उर्फ जोता और गुरप्रीत सिंह - को गिरफ्तार किया।उन्होंने बताया कि आगे की जांच के बाद काउंटर इंटेलिजेंस बठिंडा की टीमों ने तीसरे आरोपी हरजिंदर सिंह, जिसने गांव मानांवाला के स्कूल की दीवारों पर नारे लिखे थे, को भी गिरफ्तार कर लिया। एएसएसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने विदेश में बसे व्यक्ति पवनप्रीत सिंह उर्फ दीप चाहल, जो गुरपतवंत सिंह पन्नू का करीबी सहयोगी है, के निर्देश पर पैसे के बदले दीवारों पर नारे लिखे थे। इस संबंध में ओर जानकारी देते हुए ए आई जी काउंटर इंटेलिजेंस बठिंडा अवनीत कौर सिद्धू ने बताया कि आरोपी हरजिंदर ने खुलासा किया है कि नवजोत ने ही उसकी पहचान पवनप्रीत सिंह उर्फ दीप चाहल से करवाई थी, जिसने उसे नारे लिखने के लिए कहा और बदले में 2000 रुपए दिए।

## मुख्यमंत्री फ्लाइंग स्क्वाड की लिंक सड़कों के नवीनीकरण पर पैनी नजर: गुरमीत सिंह खुड्डियां

● कृषि मंत्री द्वारा गुणवत्ता से किसी भी तरह के समझौते की स्थिति में सख्त कार्रवाई की चेतावनी

● फ्लाइंग स्क्वाड टीमों द्वारा सात जिलों में नवीनीकरण कार्यों का निरीक्षण

**चंडीगढ़।** पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने आज बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा गठित सीएम फ्लाइंग स्क्वाड राज्यभर में पंजाब मंडी बोर्ड और पीडब्ल्यूडी द्वारा करवाए जा रहे ग्रामीण लिंक सड़कों के नवीनीकरण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी रख रहा है। यह निगरानी राज्य सरकार द्वारा 4,150 करोड़ रुपये की लागत से 19,491 किलोमीटर लिंक सड़कों के निर्माण और मरम्मत से संबंधित शुरू किए गए व्यापक परियोजना का हिस्सा है।

कृषि मंत्री ने कहा कि सड़कों के नवीनीकरण में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, लेकिन उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि यदि कोई ठेकेदार सामग्री की गुणवत्ता से समझौता करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सीएम फ्लाइंग स्क्वाड टीमें फील्ड में पूरी तरह सक्रिय हैं और



अब तक सात जिलों में कार्यों का निरीक्षण कर चुकी हैं। इन जिलों में फरीदकोट, एस.बी.एस. नगर, तरन तारन, श्री मुक्तसर साहिब, जालंधर, पटियाला और गुरदासपुर शामिल हैं।

श्री खुड्डियां ने बताया कि पंजाब में कुल 30,237 लिंक सड़कें हैं, जिनकी कुल लंबाई 64,878 किलोमीटर है। इनमें से 33,492 किलोमीटर सड़कें पंजाब मंडी बोर्ड के अधीन हैं और 31,386 किलोमीटर सड़कें लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधीन आती हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार अब 19,491.56 किलोमीटर लंबाई वाली कुल 7,373 लिंक सड़कों की मरम्मत और उन्नयन से संबंधित परियोजना शुरू कर रही है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना पर 4,150.42 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिसमें पांच वर्षों के रखरखाव का खर्च भी शामिल है। इनमें से 3,424.67 करोड़ रुपये मरम्मत और उन्नयन पर खर्च किए जाएंगे, जबकि 725.75 करोड़ रुपये पांच वर्षों के रखरखाव पर खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि इन सड़कों के लिए किए गए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सर्वेक्षण के परिणामस्वरूप 383.53 करोड़ रुपये की बचत हुई है।

कृषि मंत्री ने बताया कि धुंध या अंधेरे के दौरान जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मरम्मत और उन्नयन की गई लिंक सड़कों पर 91.83 करोड़ रुपये की लागत से एक विशेष सड़क सुरक्षा परियोजना लागू की जा रही है। उन्होंने कहा कि धुंध या अंधेरे में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लिंक सड़कों के दोनों किनारों पर तीन इंच चौड़ी सफेद पट्टी पेंट की जाएगी।

## पंजाब सरकार युद्ध स्मारकों के संरक्षण के लिए वचनबद्ध

मोहिंद्र भगत द्वारा महाराजा रणजीत सिंह वार म्यूज़ियम के विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**चंडीगढ़ ।** रक्षा सेवाएं कल्याण मंत्री श्री मोहिंद्र भगत ने पंजाब सिविल सचिवालय में अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान महाराजा रणजीत सिंह वार म्यूज़ियम के विकास कार्यों में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आदेश दिए कि लुधियाना स्थित महाराजा रणजीत सिंह वार म्यूज़ियम के विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि इस ऐतिहासिक स्थल को महान योद्धा महाराजा रणजीत सिंह की गौरवशाली विरासत को और अधिक रूप प्रेरक बनाया जा सके।



मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि महाराजा रणजीत सिंह वार म्यूज़ियम को बारीकी से सुसज्जित किया जाए ताकि आने वाली पीढ़ियों को राज्य के सैनिक इतिहास के बारे में जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में रक्षा सेवाओं से जुड़े विरासत स्थलों के संरक्षण और नवीनीकरण के लिए विशेष योजनाएं तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए बजट की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

## वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा द्वारा 15 कर्मचारी संगठनों के साथ मुलाकात

यूनियन नेताओं को भरोसा दिलाया कि ज्यादातर मांगों पर पहले से ही सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जा रहा है

**चंडीगढ़ ।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा, जो कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए गठित कैबिनेट सब-कमेटी के चेयरमैन भी हैं, ने आज 15 अलग-अलग कर्मचारी संगठनों से बैठकें की। इन संगठनों में शिक्षा विभाग के 7 संगठन, जल सप्लाई और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े संगठन, तथा ठेका मुलाज़म संघर्ष मोर्चा और पुरानी पेंशन बहाल संघर्ष कमेटी जैसे साझा हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन शामिल थे।

लगभग पांच घंटे चली इन बैठकों के दौरान यूनियन नेताओं के साथ उनकी मांगों और मुद्दों पर गहराई से चर्चा की गई और उपयुक्त समाधान निकालने के प्रयास किए गए। शिक्षा विभाग से संबंधित यूनियनों के मुख्य मुद्दे वेतन और वरिष्ठता में अनियमितताएं, सेवाओं को रेगुलर करना और पंजाब स्टेट टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट (पी.एस.टी.इ.टी) को समय पर आयोजित करने से जुड़े थे। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने शिक्षा विभाग को वेतन और वरिष्ठता से जुड़ी अनियमितताओं के मुद्दे को एनोमली कमेटी को भेजने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने सेवाओं को रेगुलर करने और अन्य सेवा-संबंधी मामलों को जल्द से जल्द सुलझाने के लिए एडवोकेट जनरल कार्यालय, परसोनल विभाग और वित्त विभाग के बीच समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए।

## न्यूज डायरी

## क्रॉम्पटन ने लॉन्च की भारत की पहली स्मार्ट चिमनी

### एयरआईक्यू तकनीक से संचालित सिल्वेयर और एक्यूनोवा सीरीज़, जो रसोई के एक्यूआई के अनुकूल है

**गुरुग्राम** । क्या आप जानते हैं? सिर्फ एक पराठा सेंकने या दाल में "तड़का" लगाने भर से आपके किचन का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) का स्तर 900 से अधिक तक पहुंच सकता है- जो आपके फेफड़ों, त्वचा और बालों के लिए हानिकारक है। इस चुनौती को ध्यान में रखते हुए, भारतीय घरेलू उपकरणों के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज़्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेडने भारत की पहली रियल-टाइम एयरआईक्यू तकनीक से संचालित किचन चिमनी रेंज - सिल्वेयर और एक्यूनोवा सीरीज़ - लॉन्च की है।स्मार्ट टेक्नोलॉजी और उपभोक्ता की गहरी समझ का मेल करते हुए यह चिमनी सुरक्षित, स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक खाना पकाने का अनुभव सुनिश्चित करती है।लॉन्च के अवसर पर, आरुषी अग्रवाल, हेड – लार्ज किचन अप्लायंसेज़ एंड न्यू बिज़नेस, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज़्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, ने कहा, "क्रॉम्पटन में हमारा उद्देश्य है - ध्यान से सुनना, सोच-समझकर डिजाइन करना और सार्थक समाधान देना। खाना पकाना हमारे घरों को प्यार और अपनापन से भर देता है, लेकिन साथ ही यह हमारे किचन की हवा में ऐसे हानिकारक तत्व भी भर देता है जो एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) को 1000 से ऊपर तक पहुंचा सकते हैं। जो लोग घंटों अपने परिवार की देखभाल में रसोई में समय बिताते हैं, उनके लिए यह नुकसान उनके फेफड़ों, त्वचा और संपूर्ण स्वास्थ्य पर सीधा असर डालता है। रियल-टाइम एयरआईक्यू तकनीक से युक्त भारत की पहली किचन चिमनियों के माध्यम से हम इस समस्या का सीधा समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं। ये चिमनियां हवा की गुणवत्ता को स्मार्ट तरीके से मॉनिटर करती हैं और सक्शन को स्वचालित रुप से समायोजित कर रसोई में अधिक स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण सुनिश्चित करती हैं।




## संस्कृति विद्यालय में पुलिस विभाग ने दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

**हिन्द जनपथ**
**पंचकूला (ब्यूरो)**। शहीद मेजर अनुज राजपूत संस्कृति विद्यालय, सेक्टर 20, पंचकूला में थाना अध्यक्ष पुलिस इंस्पेक्टर सोमवीर ढाका ने स्टॉफ सहित आज विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। भारत बहु संस्कृति, बहु भाषा वाला देश है। विविधता में एकता इसकी पहचान है। आज समस्त भारत काठियावाड़ से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक कन्याकुमारी से कश्मीर तक एकता के सूत्र में बंधा है। इसका श्रेय सरदार वल्लभभाई पटेल को जाता है। उन्होंने बताया पुलिस महानिदेशक के आह्वान पर विद्यार्थियों के बीच में जाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश देना, सामाजिक बुराइयों से दूर करना और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना हमारा उद्देश्य है। विद्यार्थियों को अपने माता-पिता और गुरुजनों का मान-सम्मान करना चाहिए। उनकी आज्ञा का पालन करना चाहिए। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है इसलिए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल में भी बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। आज के विद्यार्थी कल के भावी नागरिक हैं इसलिए सभी प्रकार के नशा से दूर रहना चाहिए तभी विकसित भारत का निर्माण होगा। स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत और विकसित भारत तभी बनेगा जब हमारा विद्यार्थी आदर्श और अनुशासन अपने जीवन में अपनाएगा। आज सोशल मीडिया का जमाना है लेकिन विद्यार्थियों को सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखना रहना चाहिए। फेसबुक, व्हाट्सएप इंस्टाग्राम आदि से विद्यार्थियों के मानसिक विकास में बाधा पहुंचती हैं। प्रवक्ता डॉक्टर अरविंद कुमार द्विवेदी ने बताया सरकार ने शहर–शहर गांव–गांव में पुस्तकालय और स्टेडियम का निर्माण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कराया है। विद्यालय और पुस्तकालय मंदिर, मस्जिद ,गुरुद्वारा से भी ज्यादा पवित्र और जीवन का निर्माण करने वाली संस्था है। सभी नागरिकों की सहभागिता से पुलिस विभाग नशा मुक्ति का अभियान चला रही है। पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के लिए है। वर्दी वाले जनता के रखवाले हैं। जनता के बीच में पुलिस के प्रति विश्वास और आत्मीयता का भाव प्रकट होना चाहिए। पुलिस विहीन समाज अराजकता की ओर जाता है।




# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला डेनमार्क का शिष्टमंडल



**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से आज उनके आवास संत कबीर कुटीर पर डेनमार्क की डेनिस फार्मर एब्रोड एसोसिएशन के 35 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में 20 विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल रहे। इस मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पशुपालन, कृषि, डेयरी विकास सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिधिनिमंडल ने इन क्षेत्रों में हरियाणा में निवेश करने को लेकर गहरी रुचि दिखाई।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार डेनमार्क के साथ कई परियोजनाओं पर कार्य कर रही है, जिससे प्रदेश के कृषि और पशुपालन क्षेत्र में तकनीकी उन्नति और उत्पादन क्षमता में वृद्धि विशेष रूप से शामिल है।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के प्रगतिशील किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा के नेतृत्व में अफ्रीकी देशों के दौरे पर जा चुका है और वहां की तकनीकों, कृषि प्रणालियों एवं पद्धतियों का विस्तार से अध्ययन भी किया है। इसलिए यहां के किसानों के साथ डेनमार्क एवं अन्य अफ्रीकी देशों के निवेशक मिलकर पशुपालन, कृषि, डेयरी विकास जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए निवेशकों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवा रही है। पारदर्शी नीतियों और उद्योग-हितैषी दृष्टिकोण के कारण हरियाणा आज निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार डेनमार्क सहित अन्य अफ्रीकी देशों के साथ बिजनेस-टू-बिजनेस मॉडल पर साझेदारी को प्रोत्साहित कर रही है, ताकि नवीन तकनीकों, ज्ञान और संसाधनों के आदान-प्रदान से राज्य के औद्योगिक एवं कृषि क्षेत्र को नई दिशा मिल सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार गो-ग्लोबल एप्रोच के साथ काम कर रही है और विदेशी निवेशकों को हरियाणा में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को हरियाणा में निवेश की संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया और भरोसा दिलाया कि सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि इस प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा में अनेक स्थानों का दौरा कर कृषि और पशुपालन गतिविधियों का अध्ययन किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री विजय दहिया, विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार श्री पवन चौधरी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के महानिदेशक डॉ प्रेम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संत हरि पब्लिक स्कूल, मनीमाजरा में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस



**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। मनीमाजरा स्थित संत हरि पब्लिक स्कूल में बड़े उत्साह के साथ राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने दौड़ प्रतियोगिता, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, बैडमिंटन, और इनडोर गेम्स जैसी कई रोचक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम की शुरुआत खेल दिवस के महत्व पर भाषण से हुई, जिसके बाद विद्यालय परिसर में पूरे दिन जोश और उत्साह का माहौल बना रहा। बच्चों ने टीम भावना, अनुशासन और खेल के प्रति प्रेम का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री अंतरजोत सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, "खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि ये हमें जीवन में अनुशासन, सहयोग और आत्मविश्वास सिखाते हैं। हर बच्चे को किसी न किसी खेल से जुड़कर स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए।"

## सरदार पटेल के एकता के संदेश की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है : डॉ. सीमा बीजी

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। सेक्टर 27-ए स्थित मोती राम आर्य सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में भारत के लौह पुरुष और राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को समर्पित राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह, जोश और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत में एकता, अखंडता और भाईचारे के मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी), थाना प्रभारी (एसएचओ) और रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष शामिल हुए, जिनका स्वागत स्कूल की प्राचार्य डॉ. सीमा बीजी ने किया। समारोह का शुभारंभ शांति और एकता की कामना से की गई प्रार्थना से हुआ। इसके बाद दिन के विचार और एकता दिवस के महत्व पर परिचय प्रस्तुत किया गया। विद्यालय परिसर देशभक्ति की भावना से गूंज उठा जब विद्यार्थियों ने सरदार पटेल के जीवन और आदर्शों पर प्रेरणादायक भाषण, कविताएं और विचार प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग और कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और विविधता में एकता के विषयों पर अपनी रचनात्मकता दिखाई। रंग-बिरंगे पोस्टर और भावनाओं से भरी कविताओं को अतिथियों और शिक्षकों ने खूब सराहा।

डीएसपी दिलबाग सिंह और एसएचओ ज्ञान सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सरदार पटेल के विचारों की आज के समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जैसे स्वतंत्रता के बाद सरदार पटेल ने देश को एकजुट किया, उसी प्रकार आज हर युवा का कर्तव्य है कि वह देश की एकता और प्रगति के लिए कार्य करे। उन्होंने यह भी कहा कि अनुशासन, साहस और दूसरों की सेवा ही एक अच्छे नागरिक की पहचान है।

रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल द्वारा विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जगाने और महान नेताओं की विरासत से जोड़ने का यह प्रयास सराहनीय है। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा बीजी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में सरदार पटेल के जीवन को एक राजनेता, सुधारक और एकता के प्रतीक के रूप में याद किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन हमें सिखाता है कि दृढ़ संकल्प, विश्वास और एकता के बल पर कोई भी कठिन कार्य संभव है। आज उनके एकता के संदेश की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। उन्होंने विद्यार्थियों को ईमानदारी, दृढ़ता और निःस्वार्थ सेवा जैसे मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## एमसीएम का वाडा क्लब नशामुक्त भारत के संकल्प को सशक्त करता है

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय के विक्ट्री अगेन्स्ट ड्रग एब्यूज़ क्लब (वाडा) ने भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तत्वावधान में 'नशा मुक्त भारत अभियान' विषय पर इंटर कॉलेज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा समाज को नशामुक्त बनाने के सामूहिक प्रयासों के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में कॉलेज की प्रतिष्ठित पूर्व छात्रा एवं गेस्ट ऑफ ऑनर तथा क्विज मास्टर सुश्री एकम ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाई।



प्रतियोगिता में 14 महाविद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें देव समाज कॉलेज फॉर वुमन, गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ योगा एजुकेशन एंड हेल्थ, गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन–20, पी.जी. गवर्नमेंट कॉलेज–11, पी.जी. गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स–11, गवर्नमेंट कॉलेज–46, गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, जी.जी.डी.एस.डी. कॉलेज तथा रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ इंग्लिश, सेक्टर 32 सहित अन्य संस्थान सम्मिलित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिज्ञा समारोह से हुई, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने नशे के विरुद्ध शपथ ली और स्वस्थ, नशामुक्त भविष्य के निर्माण का संकल्प दोहराया। प्रश्नोत्तरी दो चरणों में आयोजित की गई — प्रारंभिक चरण में वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए, जबकि अंतिम चरण में 'नशा मुक्त भारत अभियान' विषय पर चित्र आधारित प्रश्न शामिल थे।

कड़ी और रोमांचक प्रतिस्पर्धा के बाद मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गोसवामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज तथा गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेक्टर 20 ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती नीना शर्मा ने वाडा क्लब की टीम और स्वयंसेवकों को उनके समर्पण और सामाजिक सरोकार से जुड़े इस सार्थक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

# प्रौद्योगिकी से समृद्ध भारत आज किसी का अनुयायी नहीं, बल्कि दूसरों को अनुसरण के लिए कर रहा प्रेरित

**लेखक : - डॉ. जितेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार**

भारत आज वैश्विक वैज्ञानिक पुनर्जागरण के द्वार पर खड़ा है। तकनीक से समृद्ध भारत आज केवल अनुयायी नहीं है, बल्कि दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर रहा है। पिछले एक दशक में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, देश ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति देखी है। डिजिटल सशक्तिकरण से लेकर अंतरिक्ष अन्वेषण तक, आत्मनिर्भर और तकनीक-प्रधान भारत की रूपरेखा अब स्पष्ट दिख रही है। डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया की सफलताओं से लेकर स्वच्छ भारत और वन हेल्थ जैसे अभियानों तक, देश ने यह साबित किया है कि विज्ञान, तकनीक और नवाचार के माध्यम से बड़े पैमाने पर परिवर्तन लाया जा सकता है।

यूपीआई क्रांति ने डिजिटल भुगतान की परिभाषा ही बदल दी है और भारत को इस क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी बना दिया है। भारत की जैव-अर्थव्यवस्था ने पिछले दस वर्षों में जबरदस्त प्रगति की है। 2014 में जहां इसका मूल्य 10 अरब डॉलर था, वहीं 2024 में यह बढ़कर लगभग 165.7 अरब डॉलर हो गया है। भारत अब बायोफ्यूल, बायोप्लास्टिक और ग्रीन केमिकल्स जैसे क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। चंद्रयान और गगनयान मिशनों ने भारत की पहचान अंतरिक्ष शक्ति संपन्न देशों में मजबूत की है, जबकि 5G नेटवर्क की शुरुआत और डिजिटल कूटनीति ने देश के दूर-दराज़ इलाकों तक कनेक्टिविटी और सशक्तिकरण पहुँचाया है।

भारत अब "सबके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में वैश्विक नेता के रूप में उभर रहा है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बुद्धिमत्ता और नवाचार का लाभ हर क्षेत्र तक पहुंचे। चाहे वह कृषि हो, स्वास्थ्य सेवा हो या शासन व्यवस्था।देश में 100 से अधिक यूनिकॉर्न कंपनियां और युवाओं द्वारा संचालित स्टार्टअप्स का मजबूत नेटवर्क भारत की वैज्ञानिक और उद्यमशीलता की भावना को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा रहा है। ग्रीन हाइड्रोजन, क्वांटम विज्ञान और तकनीक, सेमीकंडक्टर निर्माण और सटीक कृषि जैसे क्षेत्रों में भारत की प्रगति यह दिखाती है कि भारत अब केवल दुनिया के साथ कदम नहीं मिला रहा, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने में मदद कर रहा है। यह आत्मनिर्भर भारत की कहानी है। एक ऐसा आत्मविश्वासी और दूरदर्शी भारत, जो विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर, अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक, दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है।



### ईएसटीआईसी : उपलब्धि से आकांक्षा तक

इस प्रगति की पृष्ठभूमि में 3 से 5 नवंबर 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में होने वाला इमर्जिंग साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव एक साहसिक नया कदम है। भारत सरकार के 13 मंत्रालयों की ओर से आयोजित यह सम्मेलन सिर्फ उपलब्धियों का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह सहयोग, दूरदृष्टि और राष्ट्रीय रणनीति का मंच है। माननीय प्रधानमंत्री के हाथों उद्घाटन किए जाने वाला ईएसटीआईसी 2025 देश-विदेश के प्रमुख वैज्ञानिकों, नवाचारकर्ताओं, नीति-निर्माताओं और विशेषज्ञों को एक साथ लाएगा ताकि वे नई उभरती तकनीकों के भविष्य पर विचार-विमर्श कर सकें।

यह सम्मेलन एक ऐसे मंच के रूप में कार्य करेगा जहां कमियों की पहचान, साझेदारियां स्थापित करना और विज्ञान व प्रौद्योगिकी को भारत की विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप दिशा देना- इन सभी पर संयुक्त रूप से काम किया जाएगा।

यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय एकजुटता मंच है, जो शैक्षणिक संस्थानों, उद्योग जगत और सरकार को एक साझा उद्देश्य से जोड़ता है: भारत को विकसित भारत 2047 की दिशा में आगे बढ़ाना। यानी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक एक पूर्ण विकसित और नवाचार-प्रधान राष्ट्र बनाना।

ईएसटीआईसी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भर भारत के लिए महत्वपूर्ण 11 विषयों पर केंद्रित किया गया है। यह सम्मेलन एक ऐसा केंद्रीय मंच बनेगा जहां रणनीतिक संवाद, सहयोग और भारत की श्रेष्ठ उपलब्धियों को प्रस्तुत किया जाएगा। वर्तमान उपलब्धियों का जश्न मनाने के साथ-साथ, यह सम्मेलन नए विचारों पर मंथन, कमियों की पहचान, और नीति-निर्माण में सुधार का अवसर भी प्रदान करेगा, ताकि भारत की वैज्ञानिक प्रगति समाज की जरूरतों और वैश्विक अवसरों के साथ तालमेल में बनी रहे।

मूल रूप से, ईएसटीआईसी का उद्देश्य पूरे विज्ञान तकनीक पारिस्थितिकी तंत्र को जोड़ना है- उन मंत्रालयों को जो नीतियाँ बनाते हैं, उन वैज्ञानिकों को जो नवाचार करते हैं,उन उद्योगों को जो विचारों को विस्तार देते हैं, और उन स्टार्टअप्स को जो बदलाव लाते हैं। यह सम्मेलन अब तक की यात्रा का सम्मान करता है और आगे के उस मार्ग को भी दर्शाता है जो भारत को सतत, समावेशी और परिवर्तनकारी विकास की ओर ले जाता है।

### ग्यारह विषय, एक लक्ष्य

ईएसटीआईसी 2025 को ग्यारह प्रमुख विषयों के इर्द-गिर्द तैयार किया गया है, जो मिलकर भारत की तकनीकी आकांक्षाओं और लक्ष्यों को दर्शाते हैं। इन विषयों में शामिल हैं- एडवांस्ड मटेरियल्स और मैन्युफैक्चरिंग- ऐसे मजबूत, हल्के और स्मार्ट पदार्थों का निर्माण जो रक्षा, अंतरिक्ष और उद्योग के क्षेत्र को नई शक्ति दें। कृत्रिम बुद्धिमत्ता- जो जीवन को आसान बना रही है और शासन प्रणाली को अधिक स्मार्ट और समावेशी बना रही है। बायो-मैन्युफैक्चरिंग- जो टिकाऊ जैव-उत्पादों और सर्कुलर समाधानों के माध्यम से हरित अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही है। ब्लू इकॉनमी- जो समुद्री संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग कर समृद्धि और लचीलापन बढ़ाने पर केंद्रित है। डिजिटल कम्युनिकेशन- 4 G से 5G और अब 6G की ओर बढ़ते हुए ग्रामीण भारत को सशक्त बना रहा है और वैश्विक डिजिटल कूटनीति में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर निर्माण- जो 'मेक इन इंडिया' के विज़न को सिलिकॉन-आधारित वास्तविकता में बदल रहा है। उभरती कृषि तकनीकें- जो नवाचार, सटीकता और स्थिरता के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती हैं।ऊर्जा, पर्यावरण और जलवायु- जो नवीकरणीय ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन को दुनिया के लिए उदाहरण बना रहे हैं।स्वास्थ्य और चिकित्सा तकनीकें- जो सस्ती और सुलभ नवाचारों के माध्यम से स्वास्थ्य समानता सुनिश्चित कर रही हैं। क्वांटम विज्ञान और तकनीक- जो सुरक्षित संचार, सेंसरिंग, कंप्यूटिंग और नए पदार्थों के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है।अंतरिक्ष तकनीक- जो नई पीढ़ियों को प्रेरित कर रही है और भारत के वैज्ञानिक क्षितिज को और विस्तृत बना रही है। ये सभी विषय मिलकर भारत के समग्र नवाचार मानचित्र को दर्शाते हैं- एक ऐसा ढांचा जहां गहन विज्ञान, उद्यमिता और नीति निर्माण एक साथ मिलकर देश के विकास को नई दिशा देते हैं।

### विकसित भारत 2047 की ओर

कई मायनों में, ईएसटीआईसी भारत के बढ़ते आत्मविश्वास का प्रतीक है। एक ऐसा आत्मविश्वास जो ज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जा रहा है। यह एक राष्ट्रीय मिशन है, जिसका उद्देश्य है-कल्पनाशक्ति को जगाना, युवाओं को प्रेरित करना, और भविष्य के लिए नवाचार को बढ़ावा देना।

ईएसटीआईसी 2025 में विचारशील नेताओं, नोबेल पुरस्कार विजेताओं, नीति-निर्माताओं और उद्योग जगत के अग्रदूतों को एक साथ लाया जाएगा, ताकि भारत को एक वैज्ञानिक महाशक्ति और नवाचार-आधारित विकास के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके। जैसे-जैसे भारत 2047 की ओर बढ़ रहा है, ईएसटीआईसी एक प्रेरक शक्ति और प्रतीक दोनों के रूप में खड़ा है। एक ऐसा मंच जहां भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियां उसकी विकास आकांक्षाओं से मिलती हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर नवाचार मजबूत, टिकाऊ और समावेशी विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफ.एस., उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई–नीलामी लीजिंग के माध्यम से अंबाला मंडल के अंतर्गत विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक के एस.एल.आर./एस.एल.आर.डी. डिब्बों पार्सल स्पेस (4/3.9 टन) के लीज अनुबंध हेतु निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। निम्नलिखित विवरणानुसार, निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | नीलामी केटलॉग संख्या | नीलामी शुरु होने की दिनांक एवं समय | नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | UMB-SLR-13-2025 (07 लॉट) | 17.11.2025 / 12:00 बजे | 17.11.2025 / 13:30 बजे |

| क्र.सं. | ट्रेन सं. | से–तक | कम्पार्टमेंट |
|---|---|---|---|
| 1. | 12450 | CDG-MAO | FSLR-I |
| 2. | 12232 | CDG-LKO | FSLR-I |
| 3. | 19308 | UHL-INDB | FSLR-I |
| 4. | 22456 | KLK-SNSI | FSLR-I |
| 5. | 12326 | NLDM-KOAA | FSLR-I |
| 6. | 22356 | CDG-PPTA | FSLR-I |
| 7. | 14524 | UMB-BJU | RSLR-I |

ई–नीलामी में भाग लेने या ई–नीलामी प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है।

3394/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



हरियाणा सरकार

धरम हेत साका जिनि कीआ ॥
सीसु दीआ परु सिररु न दीआ ॥

तिलक जंञू राखा प्रभ ताका॥
कीनो बडो कलू महि साका॥
हिंद की चादर
श्री गुरु तेग बहादुर जी के
350 वें शहीदी वर्ष को समर्पित
1675 - 2025

## बलिदान, शांति और मानवता के प्रतीक
# श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस
## 25 नवम्बर, 2025



"मैं श्री गुरु तेग बहादुर जी को उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनके साहस और सिद्धांतों के साथ-साथ आदर्शों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए पूरी दुनिया में उनकी प्रशंसा की जाती है। उन्होंने अत्याचार और अन्याय के सामने झुकने से इनकार कर दिया। उनकी शिक्षाएँ हमें आज भी प्रेरित करती हैं।"

- नरेन्द्र मोदी

## गुरु साहिब जी की स्मृति में हरियाणा सरकार द्वारा राज्य भर में कार्यक्रमों का आयोजन
## ( 1 से 25 नवम्बर, 2025 )

### गुरु साहिब जी के आदर्शों से प्रेरित पूरे राज्य में होंगे विशेष कार्यक्रम

**1-25 नवम्बर, 2025**
- 1 नवम्बर को **मेगा रक्तदान शिविर**
- 2 से 25 नवम्बर तक **350 अन्य रक्तदान शिविरों** का आयोजन

**3 नवम्बर, 2025**
- विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता व **' सुनो कहानी गुरु तेग बहादुर जी की '** कार्यक्रम

**8 नवम्बर, 2025**
- रोड़ी ( सिरसा ) से **शहीदी यात्रा**
- राष्ट्रीय सेमिनार एवं गुरु साहिब जी की जीवनी पर **किताब का विमोचन**

**9 नवम्बर, 2025**
- **' हिंद दी चादर '** मैराथन का करनाल में आयोजन

**11 नवम्बर, 2025**
- गांव मढ़ावाला, पिंजौर (पंचकूला) से **शहीदी यात्रा**

**14 नवम्बर, 2025**
- फरीदाबाद से **शहीदी यात्रा**

**18 नवम्बर, 2025**
- सढौरा (यमुनानगर) से **शहीदी यात्रा**
- कलेसर (यमुनानगर) में **' गुरु तेग बहादुर वन '** का उद्घाटन

**24 नवम्बर, 2025**
- आपसी सौहार्द और एकता का प्रतीक **सर्व-धर्म सम्मेलन (Interfaith Conference)**

**25 नवम्बर, 2025** **समापन समारोह**, कुरुक्षेत्र

## हरियाणा के सभी विश्वविद्यालयों में गुरु साहिब जी के जीवन पर आधारित सेमिनार तथा प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लाइट एवं साउंड शो का आयोजन

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipprharyana